हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## इस साल सोने के दाम 50 हजार बढ़े

इस साल की बात करें तो अब तक सोने के दाम 50 हजार रुपए बढ़े हैं, यह अब तक रिकॉर्ड है। इसके पहले कभी भी इतने कम समय में इतने दाम नहीं बढ़े हैं। 31 दिसंबर 2024 को कीमत 78400 रुपए थी, 1 जनवरी को कीमत 79 हजार रही। इसके बाद लगातार दाम बढ़ते हुए अप्रैल में पहली बार कीमत एक लाख तक पहुंची। इसके बाद दाम घटे नहीं हैं। अब तो कीमत 131400 हो गई है।

*बीते साल धनतेरस पर सोना 81800 था, अभी दाम 131400 रुपए*

# धनतेरस पर दस ग्राम सोना खरीदने देने होंगे 50 हजार ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सोने और चांदी की कीमत लगातार आसमान पर जा रही है। इतिहास में पहली बार चांदी डेढ़ लाख के पार होकर इस समय 172500 पर पहुंच गई है। सोना भी सवा लाख के पार होकर 131400 रुपए हो गया है। चांदी के दाम इस धनतेरस पर 75 फीसदी ज्यादा हो जाएंगे। बीते साल धनतेरस पर सोना 24 कैरेट का दस ग्राम 81800 और चांदी के दाम 101500 रुपए किलो थे। दस ग्राम सोना लेने के लिए ग्राहकों को इस बार 50 हजार ज्यादा दाम देने होंगे। इसी तरह से चांदी के लिए एक किलो पर 71 हजार ज्यादा देने पड़ेंगे। धनतेरस तक दाम में और इजाफा होने की संभावना है। सोने और चांदी की कीमत में इस साल लगातार इजाफा हो रहा है। पहली बार 21 अप्रैल को राजधानी रायपुर में सोने के दाम जीएसटी के साथ एक लाख रुपए थे। इसके बाद मई में सोने की कीमत कम हो गई। दो जून में कीमत फिर से एक लाख के पार हो गई। इसके बाद फिर से कीमत कम हुई और अब तो लगातार इसके दाम बीते तीन माह से ही एक लाख के पार ही रहे हैं। इसी तरह से चांदी के दाम फरवरी में एक लाख के पार गए जो अब सवा लाख के पार हो गए हैं। वैसे चांदी के दाम बीते साल धनतेरस पर एक लाख से ज्यादा थे।

### चांदी के दाम 101500 रुपए थे, अभी दाम 172500 रुपए

अलग खबर

### चांदी की कीमत में 84 हजार का इजाफा

चांदी की कीमत भी अब नए रिकॉर्ड पर पहुंच गई है। चांदी की डिमांड ज्यादा होने के कारण इसके दाम लगातार बढ़ रहे हैं। चांदी के दाम तो सोने से भी तेजी से बढ़ रहे हैं। एक समय सोने और चांदी के दाम बराबरी पर चल रहे थे। लेकिन चांदी ने सोने को पीछे छोड़ते हुए डेढ़ लाख की कीमत को पार करके दो लाख की राह पर कदम बढ़ा दिए हैं। चांदी के दाम एक जनवरी को 88500 रुपए थे। इस समय दाम 172500 रुपए हैं। यानी चांदी के दाम इस साल 84 हजार बढ़े हैं। लेकिन धनतेरस की बात करें तो बीते साल धनतेरस पर चाढ़ी के दाम एक लाख से ज्यादा थे।

## खबर संक्षेप

### चार पुलिस अफसर, कर्मियों की ईओडब्ल्यू में प्रतिनियुक्त

**रायपुर।** गृह विभाग के आदेश पर चार पुलिस अफसर, कर्मी ईओडब्ल्यू, एसीबी में प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए हैं। जिन पुलिस अफसर कर्मियों को प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया है, उनमें दो एएसपी तथा डीएसपी हैं। इसके अलावा एक टीआई तथा एक आरक्षक की ईओडब्ल्यू में तैनाती की गई है। रायपुर में पदस्थ एएसपी अविनाश ठाकुर, महासमुंद में पदस्थ मिलिंद पाण्डे, जांजगीर-चांपा जिला के टीआई मनीष तंबोली तथा दुर्ग के आरक्षक के. सागर का स्थानांतरण ईओडब्ल्यू, एसीबी में किया गया है।

### दिवाली के पहले धरे गए आधा दर्जन सटोरिए

**रायपुर।** कोतवाली पुलिस ने कालीबाड़ी गांधीनगर इलाके में सट्टा संचालित करते हुए आधा दर्जन सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में संतोष शर्मा, किशनदास बजाज, सुरीत भोई, उमेश साहू और शिव जाल शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने सट्टा-पट्टी और छह हजार रुपए नकद जब्त किए हैं। सटोरियों को पुलिस ने कालीबाड़ी चौक गांधीनगर स्थित शिव बजरंग मंदिर के पास से गिरफ्तार किया है।

### 40 शीशी कफ सिरप बरामद, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** आमानाका पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो युवकों को 40 शीशी कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त कफ सिरप की कीमत पांच हजार रुपए बताई गई है। कफ सिरप बेचने के आरोप में पुलिस ने सरस्वती नगर निवासी युवराज सिंह चौहान तथा वाजिद खान को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी एम्स अस्पताल के बाजू जीई रोड पर कफ सिरप बेचने के फिराक में ग्राहक तलाशते गिरफ्तार किए गए।

### आठ हजार की शराब जब्त, महिला गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने एक महिला के कब्जे से आठ हजार रुपए कीमत की 85 पौवा देशी शराब जब्त की है। पुलिस ने भनपुरी, रामेश्वर नगर निवासी आशामती साहू के कब्जे से शराब जब्त की है। पुलिस के अनुसार, महिला घर से ही अवैध रूप से शराब बेचती थी।


*ट्रैफिक पुलिस के जवान का पैर टूटा, कार पलटने से एक युवक हुआ घायल*

# हिट एंड रन, नशे में युवकों ने ट्रैफिक सिपाही को चपेट में लिया, कार पलटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- राम मंदिर के पास ड्रंक एंड ड्राइव की जांच से बचने लड़कों ने कार की रफ्तार बढ़ाई

तेलीबांधा थाना क्षेत्र के वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर चौक के पास कार चला रहे दो लड़कों ने एक ट्रैफिक पुलिस के जवान को ठोकर मार दी। उन्होंने ड्रंक एंड ड्राइव की जांच से बचने अचानक कार की रफ्तार बढ़ा दी। इस दौरान लड़कों को रोकने की कोशिश कर रहे ट्रैफिक जवान को चपेट में ले लिया। जवान को घसीटते हुए भागने की कोशिश में कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कार सवार एक युवक भी घायल हुआ है। जिन लड़कों ने ट्रैफिक पुलिस के जवान को ठोकर मारी है, उनमें से एक लड़का मंत्रालय के एक अधिकारी का ▶▶ शेष पेज 6 पर



### बैरिकेड से टकराने के बाद कार पलटी

ट्रैफिक पुलिस के जवान को ठोकर मारने के बाद सिद्धांत तथा उसके साथी ने मौके से भागने के लिए कार की रफ्तार और बढ़ा दी। कार की रफ्तार बढ़ाने की वजह से युवक कार को कंट्रोल नहीं कर पाए। कार डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। मौके पर उपस्थित पुलिसकर्मी दौड़कर कार के पास पहुंचे। इसके बाद दोनों लड़कों को किसी तरह कार के अंदर से बाहर निकाला। कार पलटने से सिद्धांत को चोटें आई हैं।

### इधर...बिलसापुर में शराब पी रहे छात्रों ने ट्रैफिक प्रधान आरक्षक से की हुज्जतबाजी

**बिलासपुर।** गुरुवार की सुबह रायपुर रोड में कार पर शराब की बोतल रखकर शराब पीकर हंगामा मचा रहे एमबीबीएस के छात्र समझाइश देने गए ट्रैफिक थाने के प्रधान आरक्षक से हुज्जतबाजी करने लगे। पुलिस उन्हें पकड़कर थाने ले गई, तो छात्रों ने वहां भी हंगामा मचाया। पुलिस ने कार व बाइक जब्त कर दोनों वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है। गुरूवार की सुबह रायपुर रोड में कार व बाइक खड़े कर चार युवक कार के बोनट पर बोतल रखकर शराब पीते हुए हंगामा मचा रहे थे। इसी दौरन पेट्रोलिंग कर रहे ट्रैफिक के प्रधान आरक्षक रफीक खान ने गाड़ी रोककर युवकों को सड़क में शराब पीने से मना किया। युवकों ने अपने आपको राज्य के एक मंत्री का खास बताते हुए हुज्जतबाजी की। प्रधान आरक्षक ने घटना की जानकारी चकरभाठा पुलिस को दी।

*जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल*

# जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर का साथियों के साथ मोबाइल में फोटो-वीडियो शूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सेंट्रल जेल रायपुर के बैरक नंबर 15 का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वीडियो में हिस्ट्रीशीटर बदमाश जिसके खिलाफ हत्या जैसा गंभीर अपराध दर्ज है, उसका अपने साथियों के साथ वीडियो सेल्फी के साथ बैरक के अंदर एक्सरसाइज करने का वीडियो है।



इसके अलावा जेल के अन्य जगहों से फोटो, वीडियो शूट कर वायरल किया गया है।

सोशल मीडिया में जो फोटो, वीडियो वायरल हो रहा है, वह ▶▶ शेष पेज 6 पर

### मिलीभगत से संभव हो रहा

जेल के अंदर मोबाइल, किसी तरह से मादक पदार्थ के साथ गैर जरूरी सामान लाने ले जाने पर रोक है। लंबे अरसे से जेल में बंद बंदी जेल प्रहरियों से साठ-गांठ कर अपनी जरूरत का सामान मंगा लेते हैं। इसके एवज में बंदी निचले स्तर के जेल कर्मियों को कमीशन देते हैं। साथ ही पेशी के लिए कोर्ट ले जाए जाने पर बंदी चोरी छिपे अपनी जरूरत का प्रतिबंधित सामान जेल ले जाते हैं।

### गैंगस्टर अमन साव का फोटोशूट

तेलीबांधा पीआरए ग्रुप शूटआउट कांड में झारखंड से गिरफ्तार गैंगस्टर अमन साव जिसको झारखंड पुलिस ने एनकाउंट में ढेर कर दिया था, उसका भी सोशल मीडिया में जमकर फोटोशूट वायरल हुआ था। एनकाउंटर में ढेर होने के बाद साथियों ने अमन का रायपुर सेंट्रल जेल में फोटो शूट को सोशल मीडिया में पोस्ट कर हीरो के रूप में प्रचारित किया था।

# 75 फीसदी इलाकों में शाम को नहीं आया पानी, छह घंटे बिजली बंद, लीकेज सुधार

- सरिता इंटेकवेल वाटर हेडर सुधार, ट्रांसफार्मर में आइल फिल्टरेशन का कार्य पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर के 75 फीसदी इलाकों में गुरुवार की शाम जल आपूर्ति ठप रही। इससे लोगों को सुबह स्टोर किए हुए पानी से काम चलाना पड़ा। वहीं कुछ इलाकों में डिमांड के बाद नगर निगम ने पानी टैंकर भेजकर व्यवस्था बनाई।

बिजली कंपनी द्वारा 33 केवी लाइन के मेंटनेंस कार्य के कारण 6 घंटे का शटडाउन रहा। इससे फिल्टर प्लांट के 80 एमएलडी, 150 एमएलडी और नया 80 एमएलडी प्लांट से जुड़े 42 पानी टंकियों से गुरुवार शाम लोगों के घरों में पानी नहीं आया। वहीं शहर के 25 फीसदी बाकी हिस्सों जहां अन्य टंकियों और पावर पंपों से जल आपूर्ति की व्यवस्था रही, वहां की जल आपूर्ति पर असर नहीं पड़ा। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र के मुताबिक संबंधित पानी टंकियों में शाम 6 बजे से पानी भरने का का कार्य शुरू हो गया है, इसलिए शुक्रवार सुबह सभी पानी टंकियों से जल आपूर्ति नियमित होने लगेगी। महापौर मीनल चौबे, जल विभाग अध्यक्ष संतोष साहू और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर शटडाउन के दौरान सुधार और संधारण कार्यों का प्रत्यक्ष निरीक्षण जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र ने प्लांट के संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया।



### शटडाउन का किया सदुपयोग, जल विभाग ने 4 बड़े काम कराए

बिजली विभाग द्वारा दीपावली पूर्व 33 केवी लाइन में आवश्यक संधारण कार्य करने सुबह 10 से शाम 4 बजे तक 6 घंटे तक शटडाउन रखा गया। इसके कारण शहर की 42 पानी टंकी बिजली नहीं होने से नहीं भर पाई। जल विभाग की टीम ने शटडाउन का सदुपयोग करते हुए 4 बड़े काम पूरे कराए। मुख्य रूप से 150 एमएलडी फिल्टर प्लांट के रॉ वाटर पाइप लाइन में भाठागांव मुख्य मार्ग के सामने पाइप लाइन लीकेज सुधार और संधारण कार्य कराया गया। इसी तरह सरिता इंटेकवेल में रॉ वाटर हेडर के सुधार का लंबित कार्य इस अवधि में पूरा किया गया। इसके अलावा इंटेकवेल के 2000 केवीके के बड़े ट्रांसफार्मर सागर में आइल फिल्टरेशन का कार्य जरूरी था, उसे पूरा करवाया गया। यही नहीं, फिल्टर प्लांट में सफाई और डिसइंफेक्शन का कार्य जल विभाग की टीम ने पूरा कर दिखाया।




*आंबेडकर अस्पताल में अनोखी सेकेंडरी एब्डोमिनल प्रेग्नेंसी का सफल ऑपरेशन*

# 40 वर्षीय महिला के गर्भशिय की जगह पेट में विकसित हुआ भ्रूण, मध्यभारत का पहला मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- कई अंगों से रक्त ले रही थी आंवल

आंबेडकर अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में अपनी तरह का एक जटिल मामला सामने आया। यहां एक 40 वर्षीय महिला को पहली बार मातृत्व सुख जटिल सर्जरी के बाद दिया जा सका। यह मामला सेकेंडरी एब्डोमिनल प्रेग्नेंसी का है, जिसमें भ्रूण गर्भाशय में न होकर पेट (एब्डोमिनल कैविटी) में विकसित हो रहा था। डॉक्टरों के अनुसार यह मध्य भारत का पहला मामला है। यह दुनिया के अत्यंत दुर्लभ मामलों में से एक है। स्त्री प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति जायसवाल एवं विशेषज्ञ डॉ. रुचि ▶▶ शेष पेज 6 पर



### क्या है सेकेंडरी एब्डोमिनल प्रेग्नेंसी

डॉ. ज्योति जायसवाल ने बताया, सेकेंडरी एब्डोमिनल प्रेग्नेंसी एक्टोपिक प्रेग्नेंसी का वह रूप है, जिसमें भ्रूण पहले गर्भाशय अथवा ट्यूब में ठहरता है और बाद में पेट के अंगों में जाकर विकसित होने लगता है। यह मां के लिए अत्यंत खतरनाक स्थिति होती है और अधिकांशतः भ्रूण जीवित नही रहते। ऑपरेशन ही इसका एकमात्र समाधान है। डॉ.सुमा एक्का, डॉ.नीलम सिंह, डॉ.रुमी, एनेस्थीसिया विभाग से डॉ.शशांक, डॉ.अमृता, जनरल सर्जरी विभाग से डॉ.अमित अग्रवाल भी शामिल रहे।

### दो बार मिला जीवनदान

गर्भावस्था के दौरान दो बार जीवनदान मिला। पहली बार गर्भावस्था के चौथे माह महिला मध्यरात्रि में आंबेडकर अस्पताल रेफर होकर आई। स्त्री रोग विभाग ने कार्डियोलॉजिस्ट से संपर्क कर तुरंत एंजियोप्लास्टी कराई। एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में हुई इस प्रक्रिया में डॉक्टरों ने विशेष सावधानी बरती ताकि गर्भस्थ शिशु को कोई हानि न पहुंचे। महिला खून पतला करने की दवाओं पर भी थी, गर्भ सुरक्षित रहा। यह गर्भावस्था के दौरान एंजियोप्लास्टी करने का पहला मामला था। गर्भावस्था के 37वें हफ्ते में महिला पुनः स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग आई और उसे तुरंत भर्ती किया गया। ▶▶ शेष पेज 6 पर

# रायपुर, राजनांदगांव, बेमेतरा समेत छह जिलों में सोसाइटियों का पुनर्गठन, प्रदेश में अब होंगी 500 से अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटियों की पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत अब रायपुर, राजनांदगांव, महासमुंद, बेमेतरा, खैरागढ़-छुईखदान- गंडई, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले की सोसाइटियों का पुनर्गठन होगा।

इससे पहले राज्य के 21 जिलों में यह प्रक्रिया हो चुकी है। जिलों में करीब 500 नई सोसाइटियां अस्तित्व में आ जाएंगी। इन सोसाइटियों के संचालन से राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था में सुधार होने की संभावना है।

### ये है मामला

राज्य में मौजूदा भाजपा सरकार ने प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटियों के पुनर्गठन की योजना बनाई थी। अप्रैल 2025 में इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई थी। जिन जिलों में दावा-आपत्तियों का निराकरण हो गया है, वहां सोसाइटियों को अधिसूचित किया गया है। फिलहाल राज्य के 33 जिलों में से 27 के लिए यह काम पूरा हो गया है। इससे पहले पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय पुनर्गठन किया गया था। उस समय सोसाइटियों की संख्या 1333 जो बाद में बढ़कर 2058 हो गई। नए पुनर्गठन में यह संख्या 500 या उससे अधिक बढ़ने की संभावना है।

- राज्य के गांव-गांव में अब होगा सोसाइटियों का नेटवर्क
- ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत



### इन जिलों में नई सोसाइटियां

*राज्य के जिन जिलों में सोसाइटियों का पुनर्गठन हुआ है, उनमें रायपुर, राजनांदगांव, महासमुंद,बेमेतरा, खैरागढ़ छुईखदान- गंडई, मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी शामिल हैं। इससे पहले धमतरी, दुर्ग, बालोद, कोरबा, रायगढ़, सारंगढ़- बिलाईगढ़, कोंडागांव, नारायणपुर, गरियाबंद, बलौदाबाजार-भाटापारा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सुकमा, सूरजपुर, कोरिया, जशपुर, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, सक्ती, कांकेर, बीजापुर और बलरामपुर जिले में सोसाइटियों का पुर्नगठन हो चुका है। बताया गया है कि बाकी छह बचे जिलों में दावा-आपत्ति का निराकरण होने के बाद नई सोसाइटियों को अधिसूचित किया जाएगा।*

### सोसाइटियों के लिए ये है कार्ययोजना

छत्तीसगढ़ में नवीन बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी तथा मत्स्य समितियों के गठन की कार्ययोजना बनाई गई, जिसे कार्यरूप में परिणीत करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दिशा-निर्देश पर राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ में 532 नवीन पैक्स सोसाइटी के गठन की अधिसूचना 4 अप्रैल 2025 को जारी की गई थी। इससे पहले केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रायपुर में 'सहकार से समृद्धि' विषय पर ली गई पहली बैठक 25 अगस्त 2024 में छत्तीसगढ़ में पैक्स की संख्या बढ़ाने तथा पैक्स की पहुंच गांव-गांव तक ले जाने की मंशा बताई थी।

### मजबूत होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था

जानकारों के अनुसार, गांवों में सहकारी सोसाइटियों के बनने से गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। साथ ही राज्य के विभिन्न गांवों में नवीन सहकारी समितियों के गठन से अब किसानों को अपने गांव में ही किसानों को कृषि ऋण के साथ खाद-बीज लेने, माइक्रो-एटीएम से राशि आहरण की सुविधा मिलेगी। इस नवीन पैक्स में कॉमन सर्विस सेंटर, जनऔषधि केंद्र तथा किसान समृद्धि केंद्र का संचालन किया जाएगा। इससे प्रदेश के किसानों को उनके ग्राम में ही आवश्यक सभी सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।

## खबर संक्षेप



### मंत्री राजवाड़े ने किया समस्याओं का निराकरण

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रदेश की महिला व बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने गुरुवार को कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं एवं उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। श्रीमती राजवाड़े से 150 से अधिक कार्यकर्ताओं व आमजनों ने मुलाकात कर आवेदन दिए। श्रीमती राजवाड़े ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का तेजी से निराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज एवं सहयोग केन्द्र प्रभारी सचिदानंद उपासने सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सहयोग केंद्र में उपस्थित रहकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई कर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करेंगे।

### आज शहर अध्यक्ष के पैनल पर लगेगी अंतिम मुहर

# कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान, ग्रामीण जिला अध्यक्ष के दावेदारों का पैनल बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत गुरुवार को केंद्रीय पर्यवेक्षक प्रफुल्ल गुढाडे ने ग्रामीण अध्यक्ष के दावेदारों से वन-टू-वन किया। प्रत्येक दावेदार से उनके राजनीतिक अनुभव, संगठनात्मक योगदान और नेतृत्व क्षमता के बारे में विस्तार से चर्चा की। उसके आधार पर छह नामों का पैनल तैयार कर एआईसीसी का भेजा जाएगा। पैनल बनाने के साथ क्रम भी तय किया जाएगा। पर्यवेक्षक को अब तक की चर्चा के बाद पॉजिटिव और निगेटिव पक्ष को भी पैनल के नामों में शो करना होगा। ग्रामीण जिला अध्यक्ष का वन-टू-वन करने के बाद अब वे शुक्रवार को शहर अध्यक्ष के दावेदारों का वन-टू-वन करेंगे।

कांग्रेस भवन गांधी मैदान में दिनभर संवाद और चर्चा का दौर चलता रहा। सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित सत्र में सामाजिक संगठन, व्यापारी संघ, पत्रकार बंधु, अधिवक्ता संघ, धार्मिक संगठन, खिलाड़ी संघ सहित 100 से अधिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने रायपुर शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर अपनी राय केंद्रीय पर्यवेक्षक प्रफुल्ल गुढाडे के समक्ष रखी। बैठक में सभी संगठनों ने संगठन सृजन अभियान को कांग्रेस के भीतर लोकतंत्र की सशक्त प्रक्रिया बताते हुए अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

### केंद्रीय पर्यवेक्षक प्रफुल्ल गुढाडे से संगठन प्रतिनिधियों और दावेदारों की हुई विस्तृत चर्चा



### नागभूषण, प्रवीण, उधो, पप्पू से वन-टू-वन

दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद के दावेदारों से केंद्रीय पर्यवेक्षक ने वन टू वन चर्चा की। उनसे संगठनात्मक योगदान और नेतृत्व क्षमता के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। यह भी पूछा गया कि अगर अध्यक्ष नहीं बनते तो आगे क्या करेंगे। दावेदारों से कांग्रेस में अपने राजनीतिक अनुभव और सक्रियता के बारे में जानकारी ली। दावेदारों में नगर निगम रायपुर के तीन बार के पूर्व पार्षद और एमआईसी मेंबर नागभूषण राव यादव, प्रवीण साहू, पूर्व अध्यक्ष उधो राम वर्मा, खिलेश्वर देवांगन, राजेंद्र पप्पू बंजारे, भावेश बघेल और विपिन मिश्रा, अधिवक्ता मनोज ठाकुर सहित 17 लोगों ने दावेदारी की है।

### हर वर्ग की राय से संगठन को मिलेगी ताकत : गुढाडे

पर्यवेक्षक प्रफुल्ल गुढाडे ने कहा, संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य एक ऐसी प्रक्रिया तैयार करना है, जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता और समाज का हर वर्ग अपनी भागीदारी निभा सके। यह अभियान कांग्रेस के लोकतांत्रिक ढांचे को और मजबूत करने का प्रयास है। समाज के हर वर्ग की राय से संगठन को दिशा मिलेगी और यही संगठन की असली ताकत है।


**शहर अध्यक्ष के दावेदारों से आज वन-टू-वन**

शुक्रवार को सुबह 11 बजे कांग्रेस भवन गांधी मैदान रायपुर में शहर अध्यक्ष पद के दावेदारों के साथ वन-टू-वन चर्चा की जाएगी। प्रत्येक दावेदार अपने विचार और दृष्टिकोण केंद्रीय पर्यवेक्षक के समक्ष रखेंगे। शहर अध्यक्ष के लिए दावेदारों में सुबोध हरितवाल, श्रीकुमार मेनन, दीपक मिश्रा, विनोद तिवारी, देवेंद्र यादव, पंकज मिश्रा, धनश्याम राजू तिवारी, अजय साहू, कन्हैया अग्रवाल, सुनील कुकरेजा, सुनील बाजारी सहित कई अन्य नाम सामने आ रहे हैं।

### ये हैं 17 दावेदार

जिला ग्रामीण अध्यक्ष के लिए नागभूषण राव यादव, उधोराम वर्मा, प्रवीण साहू, पप्पू बंजारे, राम गिडलानी, भावेश बघेल, सौरभ मिश्रा, हीरामन साहू, लक्ष्मी नारायण वर्मा, गोपाल धीवर, खिलेश देवांगन, विपिन मिश्रा, रहमतुल्ला खान, फतीश साहू, पवन कुमार साहू, द्वारिका साहू और टिकेंद्र बघेल से वन-टृ-वन किया।

# नए वित्तीय वर्ष के लिए प्रस्तावित आबकारी नीति पर लाइसेंसियों से लिए गए सुझाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आबकारी विभाग की प्रस्तावित नीति को लेकर सचिव सह आबकारी आयुक्त आर. शंगीता ने विभाग से संबद्ध समस्त लाइसेंसियों की बैठकें आयोजित की। इन बैठकों में सभी लाइसेंसियों से सुझाए लिए गए हैं।

आबकारी सचिव ने बताया कि तीनों बैठकों में उपस्थित लाइसेंसियों से प्राप्त सभी सुझावों का अध्ययन कर आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बार नीति, अहाता नीति तथा मदिरा दुकानों के व्यवस्थापन से संबंधित निर्देशों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

### इन विषयों पर हुई चर्चा

ये बैठकें 13, 14 और 15 अक्टूबर को हुईं। पहली बैठक में प्रदेश में स्थापित आसवनी एवं बॉटलिंग इकाई के संचालकों/प्रतिनिधियों के साथ हुई, जिसमें आयात-निर्यात शुल्क, बॉटलिंग फीस, लाइसेंस फीस, काउंटरवेलिंग ड्यूटी, देयकों के ऑनलाइन भुगतान, नवीन बोतलों के उपयोग तथा भंडारण भंडारगार के अवकाश दिवसों में संचालन जैसे विषयों पर चर्चा की गई। इसी प्रकार दूसरी बैठक में प्रदेश के बाहर स्थित विदेशी मदिरा निर्माताओं और प्रदायकर्ताओं के प्रतिनिधियों के साथ हुई। इसमें काउंटरवेलिंग ड्यूटी, हैंडलिंग चार्ज, आयात-निर्यात शुल्क, बॉटलिंग फीस, लाइसेंस फीस और विदेशी मदिरा गोदामों से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। तीसरी बैठक में बार और क्लब संचालकों एवं एसोसिएशन प्रतिनिधियों के साथ हुई। इस दौरान बार-क्लब के लिए निर्धारित न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा (एमजी), लाइसेंस फीस, विभिन्न रेंज की मदिरा बिक्री, संचालन समय तथा अवैध गतिविधियों की रोकथाम जैसे विषयों पर चर्चा की गई।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937





## कैंपस लाइव

### एक दीया श्रीराम के नाम बांटे मिट्टी के दीए-रंगोली



रायपुर। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया की छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा एक दीया श्रीराम के नाम थीम पर देवेंद्र नगर क्षेत्र में निशुल्क दीया और रंगोली वितरित की गई। काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि लगातार चार दिनों से दीया और रंगोली वितरित की जा रही है। हमारा प्रयास है कि दिवाली से पहले सभी घरों तक दीए और रंगोली के पैकेट पहुंचें। लोगों से आग्रह भी किया जा रहा है कि एक दीया श्रीराम के नाम से जलाएं। मुख्य अतिथि चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा, सिंधी काउंसिल नेक काम कर रहा है। वार्ड पार्षद कृतिका जैन ने कहा, बड़ी खुशी का पल मेरे लिए है। वार्ड में एक दीया श्रीराम के नाम पर निशुल्क वितरण किया जा रहा है। बड़ी संख्या में वार्डवासियों को रंगोली पैकेट दिए गए।

#### पहल को अतिथियों ने सराहा, दिया सहयोग

पंडरी कपड़ा मार्केट के अध्यक्ष सरल मोदी ने दिवाली की बधाई दी। सिंधी काउंसिल महिला विंग अध्यक्ष काजल सचदेव ने कहा, बच्चे, पुरुष, महिला सभी को दीए वितरित किए गए। सबने एक स्वर में जय श्रीराम के नारे लगाए। इस अवसर पर काउंसिल के उपाध्यक्ष रितेश वाधवा, बीजेपी मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गंदेचा, भगवान यादव, सुनील पंड्या, राजकुमार सोनी, जतिन नचरानी, डॉ. एनडी गजवानी, धनेश मटलानी, राजेश रेलवानी, सुरेश सचदेव और कमलेश शर्मा शामिल हुए। सभी के सहयोग से इस आयोजन को त्योहारी सीजन में शुरू किया गया है।

## सिटी लाइव

### राही के गजल संग्रह चाहत का विमोचन साहित्य-संगीत और संस्कृति का संगम



**रायपुर।** वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार राजेश जैन 'राही' के गजल संग्रह "चाहत" का विमोचन वृंदावन हॉल में किया गया। यह समारोह साहित्य, संगीत और संस्कृति का अद्भुत संगम सिद्ध हुआ। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधायक एवं छॉलीवुड अभिनेता पद्मश्री अनुज शर्मा मंचस्थ थे। इस अवसर पर मंच पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग', नवरंग काव्य मंच के संस्थापक दीपक मित्तल, दूरदर्शन के पूर्व महानिदेशक पीके श्रीवास्तव, युवा संस्था के संस्थापक एम. राजीव , उद्योगपति अनिल गर्ग और प्रसिद्ध व्यंग्यकार डॉ. सीमा श्रीवास्तव बतौर विशिष्ट अतिथि समारोह में शामिल हुईं। इस कड़ी में अंजनी अग्रवाल ने संग्रह 'चाहत' की गजलों का सजीव गायन पेश करते हुए मंत्रमुग्ध किया। संगीतकार शंकर दर्रो के प्रयास को भी सराहा गया।

#### अंजनी को नवरंग संगीत रत्न सम्मान

गजलों की प्रस्तुति का लुत्फ श्रोताओं ने भी उठाया। इसके बाद अंजनी अग्रवाल को नवरंग संगीत रत्न सम्मान दिया गया। इस अवसर पर जयश्री म्यूजिक अकादमी रायपुर को संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'नवरंग संगीत रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन गरिमामय एवं रोचक शैली में डॉ. सीमा श्रीवास्तव ने किया। अंत में राजेश जैन 'राही' ने सभी अतिथियों, सहयोगियों और श्रोताओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए चाहत में संग्रहित गजलों से जुड़ी यादों को भी समारोह में मौजूद लोगों के बीच साझा किया।

## लाइव इवेंट

### श्रीयंत्र की पूजा करने से मनुष्य को प्राप्त होता है भोग-मोक्ष



रायपुर। बोरियाकला स्थित श्रीशंकराचार्य आश्रम में चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला जारी है। इसको गति देते हुए परमहंसी गंगा आश्रम से आए ज्योतिषपीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के निजी सचिव तथा वर्तमान उभयपीठ सचिव ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद महाराज ने लोगों को संबोधित किया। महाराज ने भक्तों को उपदेश देते हुए बताया कि पराम्बा भगवती राजराजेश्वरी महा त्रिपुरसुंदरी की उपासना करने वाले साधकों को भोग और मोक्ष दोनों प्राप्त होते हैं। मोक्ष मूलधन के रूप में और भोग ब्याज के रूप में प्राप्त होता है। राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी अपने चरणों से मोक्ष देती हैं। वह वरदहस्त दिखाकर देवता अपने हाथों से भी नहीं दे पाते हैं। भगवती की उपासना जो भी साधक करते हैं, उनका दुबारा जन्म नहीं होता।

#### राजराजेश्वरी के स्फटिक मणिमय विग्रह की स्थापना

भगवती राजराजेश्वरी के स्फटिक मणिमय विग्रह की स्थापना भौतिक ऐश्वर्य की वृद्धि के साथ-साथ आध्यात्मिक उन्नति की मंगल कामना के साथ की थी। महाराज चाहते थे कि छत्तीसगढ़ का भौतिक एवं आध्यात्मिक दोनों दृष्टि से विकास हो, इसके लिए उन्होंने स्फटिक मणिमय विग्रह स्थापित किया है। राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी अपने ऐश्वर्य के साथ यहां विराजमान हो रही हैं। यह मंदिर विश्व का प्रथम मंदिर है, जहां स्फटिक मणि में भगवती विराजमान हैं, दूसरा कारण पूरे भारत में 64 योगिनी का मंदिर नहीं है। यहां पर भगवती 64 योगिनी सहित विराजमान हैं। यह जानकारी दंडी स्वामी डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ महाराज ने दी।

## बाजार में शिवाकाशी, दिल्ली और अलीगढ़ के खास पटाखे आए

# दिवाली पर यूथ स्काई शॉट्र्स, मिर्ची लड़ी, रॉकेट और किड्स सुपर हीरोज प्रिंट वाले ग्रीन क्रैकर्स मचाएंगे धूम

*दिवाली उत्सव पटाखों और आतिशबाजी के बिना अधूरा है। हर वर्ग के लिए मार्केट में पटाखे मौजूद हैं, जिन्हें लोग अपनी पसंद के लिहाज से खरीद रहे हैं। हर बार की तरह इस साल भी मार्केट में नई वैरायटी के पटाखे उपलब्ध हैं। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए दुकानदार और व्यापारी ग्रीन धुएं वाले ही पटाखे मार्केट में बेच रहे हैं, इनसे प्रदूषण भी कम होगा।*



**रायपुर।** हरिभूमि ने मार्केट का जायजा लिया और व्यापरियों से इस बार रटाखों की श्रृंखला को लेकर बात की। गोलबाजार, मालवीय रोड और पुरानी बस्ती में पटाखे की खरीदी और बिक्री के बारे में जानकारी लेने पर पता चला कि बच्चों के लिए छोटे-छोटे अनार, सुरसुरी, बम, पिस्तौल, फुलझड़ी, ड्रोन व डांसर जैसे पटाखों की भरमार हैं। गोल बाजार में स्थित अजीस ट्रेडर्स के वार्कर मोहम्मद नमेद ममदानी ने बताया कि दुकान में थोक और रिटेल दोनों तरीके से बिक्री हो रही है।

### फिल्म से इंस्पायर, थॉर हेमर बच्चों की पंसद

ब्राम्हण पारा में पटाखा दुकान के स्टाफ ने बताया कि इस बार बच्चों के लिए फैंसी व कलरफूल पटाखे मार्केट में आए हैं। मुर्गा, तितली, ड्रोन, ट्रेन अनार मौजूद हैं। साथ ही फिल्म से इंस्पायर 'एवेंजर्सः इन्फिनिटी वॉर' की थॉर हेमर, मशाल, गिटार के रूप में बच्चों को काफी आकर्षित कर रही हैं। इनको हाथों में रखकर जलाया जाता है और रंग-बिरंगे चिंगरियां निकलती हैं। स्टाफ का कहना है कि इसको जलाने से पहले कोई नार्मल चश्मा का इस्तेमाल करें, जिससे चिंगरियां आंखों में ना जाएं। इनकी कीमत सिंगल पीस का 200 से 500 रुपए तक है। उन्होंने बताया कि दुकान में दिवाली तक सारे पटाखे की बिक्री हो जाएगी।



### मार्केट में 288 स्काई शॉट्र्स की मांग बढ़ी

उन्होंने बताया कि दुकान में 50 से 5000 की रेंज में कई वैरायटी में पटाखे मौजूद हैं। आजकल युवाओं को 288 और 500 शॉट्र्स, स्काई शॉट्र्स, 1000 व 2000 मिर्ची वाली लड़ी, रॉकेट, सुतली बम की डिमांड मार्केट में तेजी से बढ़ रही हैं। बच्चों के लिए छोटे से लेकर बड़े बंदूक के साथ रोल की बिक्री हो रही है। इंस्टाग्राम में व्यूज के लिए भी इसकी खरीदारी तेज है। खासकर 288 शॉट्र्स, जो आकाश में जाते ही 288 बार फूटता है। इससे आसमान में रंग-बिरंगे कलर देखने को मिलता है। मिर्ची लड़ी में तेज आवाज है। उन्होंने बताया कि मार्केट में मौजूद सभी पटाखों ग्रीन मार्क लग गया है और उसी की डिंमाड हैं। इन ग्रीन पटाखों से प्रदूषण कम होता है। हरियाणा के सिवाकासी, दिल्ली और अलीगढ़ से पटाखों को लाया गया है।

### 100 सेंटीमीटर लंबी फैमिली फुलझड़ी की बिक्री तेज

इस बार कुछ नए और अलग-अलग तरह के पटाखे बाजार में उपलब्ध हैं। पटाखा दुकानदार ने बताया कि इस बार जम्बो अनार मार्केट में नया है। 1900 रुपए का विशाल और वजनी अनार 4 अलग रंगों में जलेगा। तेज आवाज के साथ जलने वाला पॉम-पॉम पटाखा मिर्ची बम जैसा दिखता है, इसकी कीमत- 250 रुपए है। हेलीकॉप्टर पटाखा- यह अपने प्लास्टिक के पंखों के साथ एक ऊंचाई तक उड़ेगा, जिसकी कीमत-250 रुपए है। पारंपरिक पटाखे रॉकेट से अलग होने की वजह से बच्चे इसे पसंद कर रहे हैं। लेजर शो- इलेक्ट्रिक लेजर की तरह लंबी दूरी तक तेज रोशनी निकलेगी। फैमिली फुलझड़ी- 100 सेंटीमीटर लंबी फैमिली फुलझड़ी जिसे पूरे फैमिली मेंबर साथ जला सकते हैं।



### विप्र कॉलेज में मनाई प्री-दिवाली

रायपुर। छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन द्वारा संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा कॉलेज में विद्यार्थियों ने हाट बाजार और आनंद मेला लगाकर उत्साह और उमंग के साथ प्री-दिवाली उत्सव मनाया। दीपावली हाट बाजार के उद्घाटन अवसर पर संगठन के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मिलकर खुशी मनाना ही पर्व है। कॉलेज में इस प्रकार का उत्सव विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न करने के साथ उन्हें भविष्य निर्माण के लिए भी एक नया उत्साह देता है। प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि कोविड के बाद से महापर्व के अवसर पर विद्यार्थी रचनात्मक एवं सृजनात्मक कुशलता का उपयोग करते हुए दीपावली के लिए आकर्षक और सुंदर दीए एवं सजावट की वस्तुओं का निर्माण करने के बाद विक्रय करके उद्यमिता के गुण भी सीख रहे हैं।

## विद्यार्थियों ने कैंपस में सजाया हाट-बाजार और आनंद मेला

### विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा व भविष्य निर्माण के लिए भी एक नया उत्साह



#### वस्तुओं की खरीदी के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ

वहीं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का प्रमुख उद्देश्य है कि विद्यार्थी में शिक्षा के साथ उद्यमिता के गुणों को भी विकसित किया जाए। आनंद मेला में विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के साथ अन्य प्रांतों के नमकीन और मिठाइयों का स्टाल लगाते हुए दीपावली हाट बाजार की रौनक बढ़ाई। विद्यार्थियों के साथ उनके पालकों और प्राध्यापकों ने दीपावली में पूजा और सजावट के लिए जरूरी वस्तुओं की खरीदारी के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। इस अवसर पर पालकों ने कहा कि पर्व से पहले उत्सव मनाने का आनंद ही कुछ और है। साथ ही दीपावली के लिए जरूरी वस्तुओं की खरीदी करते हुए लोग बाजार की भीड़ में फंसने से बच गए।

### सिख महिला विंग ने मनाया फ्यूजन फैशन दीपावली उत्सव



**रायपुर।** सिख फोरम महिला विंग ने "फ्यूजन फैशन दीपावली उत्सव" का आयोजन गुरुवार को होटल ग्रैंड इम्पीरिया में किया। इस उत्सव में 170 महिलाओं ने भाग लिया। सभी ने डांस, मिस्ट्री बॉक्स गेम और फैशन शो का आनंद लिया। इस आयोजन में मुख्य आकर्षण फैशन शो था। इसमें 20 मेंबर्स ने शिरकत करते हुए उत्सव का रूप दिया। दिवाली अवार्ड नूर होरा को मिला। पहली रनरअप रितु चावला और दूसरी रनरअप रश्मिंदर चावला और गुरविंदर सलूजा रहीं। आयोजन को सफल बनाने में विंग की टीम ने सहयोग दिया। मिस्ट्री बॉक्स और लकी ड्रॉ के जरिए उपहारों के साथ चांदी के सिक्के और हाउजी में सोने का सिक्का ईनाम में दिया, जिसे साहनी ने जीता। विंग की अध्यक्ष रॉली सलूजा, टीम के साथ मणि अहलूवालिया, फ्रैंकी आहूजा, लवलीन कौर, रश्मि चावला और शिवानी भाटिया उपस्थित रहीं।

### जेसीआई स्थापना दिवस पर नए सत्र के नवनियुक्त पदाधिकारियों का चयन

**रायपुर।** भारतीय जूनियर चैंबर मंडल-9 के अंतर्गत जेसीआई सुपर चैप्टर ने वर्ष 2026 के लिए अपने 12 अध्यायों के नवनियुक्त अध्यक्षों, सचिवों एवं प्रभारियों की घोषणा कर दी है। यह घोषणा सुपर चैप्टर के फाउंडर एवं चेयरमैन राजेश अग्रवाल द्वारा जेसीआई स्थापना दिवस के अवसर पर की गई। घोषणा से पूर्व सभी अध्यायों के अध्यक्ष पद के दावेदारों का इंटरव्यू लिया गया, जिसमें नेतृत्व क्षमता और जेसीआई से जुड़ी समझ को परखा गया है। इसके बाद पूर्व अध्यक्षों और वरिष्ठ सदस्यों की सहमति से चयन किया गया।




#### उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों का सम्मान

घोषणा कार्यक्रम में 300 से अधिक सदस्य शामिल हुए, जिनमें पूर्व व वर्तमान पदाधिकारी, संरक्षक एवं सलाहकार मंडल के सदस्य विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आंचल पंजवानी ने किया। इस दौरान वर्ष 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यायों और सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। लीना वाढेर और चित्रांक चोपड़ा ने बताया कि इस वर्ष जेसीआई कैपिटल, नोबेल, वामा कैपिटल, संस्कार, संगवारी, युथ कैपिटल, रॉयल कैपिटल, वामांजली, प्राउड कैपिटल, मैक यूनाइटेड कैपिटल, कोंडागांव कैपिटल और रायपुर उमंग जैसे अध्यायों के अध्यक्षों की संयुक्त रूप से घोषणा की गई।

## दूसरे शहरों के साथ राज्य के कारीगरों के बनाए बर्तनों का कलेक्शन भा रहा

# धनतेरस के लिए सज गया बाजार, तांबे के काम्बो कुकर कढ़ाही, मिट्टी के घड़े जैसा वॉटर डिस्पेंसर

**कार्नर न्यूज**

*रायपुर। धनतेरस पर राजधानी में बर्तन बाजार सज गया हैं। दिवाली त्योहार के मद्देनजर बर्तन दुकानों पर खासकर पीतल, तांबे, कांसे के बर्तनों की चमक लुभा रही है। गोलबाजार, पुरानी धमतरी रोड, रायपुरा महादेवघाट रोड, पुरानी बस्ती, पंडरी रोड, राजेंद्र नगर, शास्त्री बाजार रोड, सदर बाजार रोड स्थित बर्तन दुकानें व सुपर बाजार ग्राहकों से गुलजार नजर आ रहे हैं। ग्राहक पीतल, तांबे का गिलास, बड़ी वाटर जग, मग, बोतल, थाली, पूजा की घंटी, दीया स्टैंड सहित प्रेशर कुकर आदि खरीद रहे हैं। एल्युमीनियम, मेटल से बने बर्तन अब ग्राहकों के पहली पसंद में नहीं हैं। हेल्थ कांशियस लोगों के लिए मेटल बाजार में पीतल, तांबे, कांसे के बर्तनों की बड़ी रेंज है। लोग इन्हें खूब पसंद कर रहे हैं। सदर बाजार रोड स्थित बर्तन दुकान के संचालक महेश अग्रवाल बताते हैं कि लोगों का झुकाव तांबे, पीतल के बर्तनों की ओर ज्यादा है। जग, थाली, गिलास जैसे उत्पाद तो लोग खरीदते ही हैं, लेकिन प्रेशर कुकर जैसे आइटम लोगों को भा रहे हैं। साथ ही कई तरह के नए डिजाइन के बर्तनों को अपने किचन की शान बनाने लोग खरीदी में जुटे हैं। इस धनतेरस पर राजधानी के बर्तन बाजार में धनवर्षा होने जा रही है। बर्तन दुकानों पर ग्राहकों की उमड़ी भीड़ से बर्तन कारोबार अच्छा होने की उम्मीद जगी है। शहर की बर्तन दुकानों पर दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, मुंबई सहित राज्य के भी कारीगरों के बनाए नए डिजाइनर बर्तनों का कलेक्शन शामिल है।*

### पीतल और तांबे के जग, गिलास, कटोरी, थाली की बढ़ी मांग

राजेंद्र नगर स्थित बर्तन दुकान के संचालक सुयश कुमार का कहना है कि लोगों में स्वाद के साथ-साथ सेहत को ध्यान में रखकर बर्तन खरीद रहे हैं। पानी एकत्र करने, रात में जग भरकर सुबह के समय उस ताम्र पात्र का पानी पीने वाले, खाना बनाने और परोसने के लिए लोग ऐसे बर्तनों को खरीदने में दिलचस्पी ले रहे हैं, जो स्वाद के साथ उनकी सेहत का भी ख्याल रखे। पीतल और तांबे के बर्तनों को लेकर लोग अब गंभीर हैं। तांबे के तमाम आइटम बाजार में उपलब्ध हैं। लोग अब इन्हें रोजमर्रा के उपयोग के लिए खरीद रहे हैं।





### घड़ों का लुक देने वाले मेटल के वाटर डिस्पेंसर

इसमें मिट्टी के घड़ों का लुक देने वाले मेटल के वाटर डिस्पेंसर हैं, जिन्हें आप बरबस ही देखने को मजबूर हो जाएंगे। इन्हें देखने पर लगता है कि पानी से भरा "मिट्टी का घड़ा" विशेष स्टैंड पर है। इसके अलावा भी लीक प्रूफ जार की बड़ी रेंज बाजार में उपलब्ध है। इन वाटर डिस्पेंसर का दोहरा फायदा है, पानी संग्रह करें और द्वारचार के दौरान शुभता के लिए इन्हें मुख्यद्वार पर सजाया भी जा सकता है।

### नई डिजाइन की कढ़ाई और प्रेशर कुकर

गोलबाजार स्थित बर्तन दुकान के संचालक अजय गुप्ता बताते हैं कि बाजार में नए आइटम लोगों को स्वतः ही आकर्षित करते हैं। तीन और पांच लीटर क्षमता के इन कॉम्बो कुकर की खासियत यह है कि इसमें कढ़ाई भी है और प्रेशर कुकर भी। दोनों का ही एक साथ उपयोग हो सकता है। एक में सब्जी तैयार कर सकते हैं तो दूसरे में चावल या दाल पक सकती है। इसकी कीमत 4150 से 5400 रुपए तक है, जिसे ग्राहक खूब पसंद कर रहे हैं। तांबे का प्रेशर कुकर पांच लीटर का 7500 रुपए का है तो तीन लीटर का पीतल का कुकर 5250 रुपए का है। ब्रांडेड सिरेमिक प्रेशर कुकर भी है, इसमें अनाज चिपकता नहीं है।


MEGA MART
कीमत कम खुशियाँ हरदम
श्री मेगा मार्ट
Diwali
BIGGEST OFFERS
16th OCT. TO 22nd OCT.
सबसे बढ़िया क्वालिटी
सबसे किफ़ायती दाम
PARIWAAR / NAKODA HALDIRAM / BIKANO AAKASH / SUNDER NUTRAJ / CADBURY
UP TO 60% OFF
DRY FRUIT COMBI 3X200GM
MRP ₹575
OFFER PRICE ₹449
DRY FRUIT MIX 450GM BOX
MRP ₹299 OFFER PRICE ₹265
KISHMISH SPECIAL 500 GM
MRP ₹290 OFFER PRICE ₹275
KAJU SPECIAL 500 GM
MRP ₹600 OFFER PRICE ₹455
BADAM SPECIAL 500 GM
MRP ₹590 OFFER PRICE ₹455
AKHROT GIRI 250 GM
MRP ₹450 OFFER PRICE ₹310
AKHROT WHOLE 350 GM
MRP ₹450 OFFER PRICE ₹385
CHUHARA SPECIAL 500GM
MRP ₹245 OFFER PRICE ₹149
MADHUR SUGAR 5KG
MRP ₹315 OFFER PRICE ₹269
BANSAL SOYABEAN OIL 800GM
MRP ₹180 OFFER PRICE ₹117
LAL GULAB MUSTARD OIL 1L (B)
MRP ₹230 OFFER PRICE ₹188
VACHAN GHEE JAR 1LTR
MRP ₹665 OFFER PRICE ₹599
AASHIRVAAD ATTA 5 KG
MRP ₹260 OFFER PRICE ₹234
RAHAL DAL (GLOBAL) BULK
OFFER PRICE ₹99
ZEEBA TINI MOGR BAS RICE 10KG
MRP ₹630 OFFER PRICE ₹499
ZEEBA KINKI BASMATI RICE 10KG
MRP ₹500 OFFER PRICE ₹449
BESAN PREMIUM 1KG
MRP ₹150 OFFER PRICE ₹95
GBM MAIDA 500GM
MRP ₹32 OFFER PRICE ₹23
GBM SOOJI 500GM
MRP ₹35 OFFER PRICE ₹24
RED LABEL TEA 1KG
MRP ₹560 OFFER PRICE ₹399
BRITANNIA GOOD DAY CASHEW 1KG
MRP ₹320 BUY 1 GET 1 FREE
PARLE-G ORIGINAL 800GM
MRP ₹100 OFFER PRICE ₹12 OFF
SUNDER SUJI RUSK 1KG
MRP ₹230 BUY 1 GET 1 FREE
POPAT GANGA JAMUNA NAMKEEN 1KG
MRP ₹165 OFFER PRICE ₹37 OFF
KISSAN FRESH TOM KET 1.1KG
MRP ₹150 OFFER PRICE ₹55 OFF
NILONS GULAB JAMUN POWDER 175GM
MRP ₹152 OFFER PRICE ₹55 ONLY
GITS GULAB JAMUN 500GM
MRP ₹245 OFFER PRICE ₹40 OFF
COLGATE STRONG TEETH 300GM
MRP ₹225 OFFER PRICE ₹25 OFF
PEARS PURE GEN SOAP 3*125GM
MRP ₹214 OFFER PRICE ₹19 OFF
DETTOL ORIGINAL SOAP 4X100GM
MRP ₹168 OFFER PRICE ₹28 OFF
HARPIC POWER PLUS MARINE 500M
MRP ₹115 OFFER PRICE ₹10 OFF
KRD NEEM ALL CLEA 5LTR
MRP ₹450 OFFER PRICE ₹99 ONLY
SURF EXCEL EASY WASH 3KG
MRP ₹390 OFFER PRICE ₹50 OFF
GLOW&LOVELY BRI GLOW FW 150GM
MRP ₹285 OFFER PRICE ₹36 OFF
STAYFREE SECURE XL 18 PADS
MRP ₹124 OFFER PRICE ₹115
PONDS BRI BEA BODY LOTI 275ML
MRP ₹415 OFFER PRICE ₹200 OFF
VASELINE COCOA GL LOT 400ML
MRP ₹549 BUY 1 GET 1 FREE
VASELINE COCOA GL LOT 400ML
MRP ₹515 BUY 1 GET 1 FREE
DE DIVYA DIPAM OIL 1 LTR
MRP ₹250 OFFER PRICE ₹155
BAJAJ BUILT NOT MIX GRI 500W
MRP ₹4590 OFFER PRICE ₹2249
PIGEON EGNITE INDUCTION 1800W
MRP ₹3195 OFFER PRICE ₹1249
SUPER POWER BROOM
MRP ₹159 OFFER PRICE ₹68 ONLY
ANJALI NUTRICON COOKER 2 LTR
MRP ₹1445 OFFER PRICE ₹949
CELLO GOLD CRUST HOT POT 1500
MRP ₹497 OFFER PRICE ₹249
MODWARE CONT PRIN 123SET
MRP ₹200 OFFER PRICE ₹125
CELLO CUT END COTTON T MOP
MRP ₹395 OFFER PRICE ₹199
SHAGUN DIAM JALA JHAADU S-29
MRP ₹259 OFFER PRICE ₹149
Terms & Conditions Apply*
दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
ENJOY FREE HOME DELIVERY
₹1999 या उससे अधिक की खरीदारी पर 1 किलो चीनी बिल्कुल मुफ्त !*
₹2999 या उससे अधिक की खरीदारी पर 500 ग्राम अरहर दाल बिल्कुल मुफ्त !*
₹5999 या उससे अधिक की खरीदारी पर 1 चाँदी का फ्रेम (SILVER FRAME) बिल्कुल मुफ्त !*
OUR STORES BHANPURI I BIRGAON I AMLESHWAR I +91 88897 77101

## खबर संक्षेप



### सीआरपीएफ के शिविर में 31 जवानों ने किया रक्तदान

**आरंग।** गुरूवार को कंपोजिट हास्पीटल सीआरपीएफ कैंप भिलाई में ब्लड डोनेट शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बिलासा ब्लड सेंटर रायपुर की टीम पहुंचकर ब्लड डोनेट शिविर में अपनी सेवाएं दी।कंपोजिट हॉस्पिटल भिलाई के डा राजेश गर्ग ने बताया इस शिविर में 31 जवानों ने ब्लड डोनेट किया। जिसमें डिप्टी कमांडेंट अजय कुमार सिंह एवं प्रियरंजन गुप्ता ने भी ब्लड डोनेट कर अन्य जवानों को भी ब्लड डोनेट करने प्रेरित किया। इस मौके पर डाक्टरों ने कहा रक्तदान महादान है। रक्तदान से किसी जरूरतमंद मरीजों की जान बच सकता है। इसलिए समाज में रक्तदान के लिए जागरूकता फैलाना चाहिए। इस मौके पर डा राजेश गर्ग, डा मनीषा गर्ग, डा इन्दु वशिष्ठ, डा शालिनी सौरेंग, डा तनविंदर सिंह सहित मेडीकल स्टाफ व जवानों की उपस्थिति रही।

### खमरिया का आतंक बंदर हुआ कैद, सुरक्षित जंगल भेजा गया

**आरंग।** रायपुर वनमंडल के अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन में वन विभाग की उड़न दस्ता टीम ने ग्राम खमरिया में पिछले कई दिनों से आतंक मचा रहे हिंसक बंदर को सुनियोजित तरीके से पकड़ लिया। बंदर को पकड़ने के बाद उसे बारनवापारा अभयारण्य के जंगल में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया।इस कार्रवाई का नेतृत्व रायपुर वनमंडल के वन मंडलाधिकारी लोकनाथ पटेल, उप वनमंडलाधिकारी आनंद कुदरिया, परिक्षेत्र अधिकारी नया रायपुर चंद्र प्रकाश मोहबीया एवं परिक्षेत्र अधिकारी रायपुर दीपक तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। वन मंडल स्तरीय उड़न दस्ता दल ने गांव में पहुंचकर पहले स्थिति का आकलन किया, तत्पश्चात सुनियोजित योजना के तहत पिंजरा लगाकर उसमें केले एवं सेवफल रखे गए, जिनकी ओर आकर्षित होकर बंदर स्वयं पिंजरे में प्रवेश कर गया और सफलतापूर्वक पकड़ लिया गया। उड़नदस्ता दल की इस सफल कार्यवाही में सहायक प्रभारी संतोष कुमार सामंतराय, सावंन कुमार साहू, नीलकंठ साहू, दिलीप परमार, मुनीर खान एवं अन्य कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस अभियान को प्राथमिकता दी गई थी। बंदर को किसी प्रकार की हानि पहुँचाए बिना सुरक्षित रूप से अभयारण्य के जंगल में छोड़ दिया गया, जिससे वह प्राकृतिक वातावरण में पुनः स्वतंत्र जीवन जी सकेगा। इधर वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की है कि यदि भविष्य में कोई जंगली जानवर गाँव में आ जा।

## निधन

### भगेला राम साहू



**आरंग।** ग्राम कुम्हारी निवासी 85 वर्षीय भगेला राम साहू का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे बाईसाखिन साहू के पति व भुवन लाल साहू के पिता थे।

:: आम सूचना ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अटल विहार योजना उरला अभनपुर में आबंटित ई.डब्ल्यू.एस. प्रकोष्ठ भवन क्रमांक EWS/144 EWS FLAT (G+3) BL-01 G.F. 101 को श्री गणेश प्रसाद शर्मा पिता श्री खेमू प्रसाद शर्मा पता - वार्ड नं. 10 उपरवारा अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम पर नामांतरण किया गया है।

श्री गणेश प्रसाद शर्मा की पत्नि श्रीमति सावित्री शर्मा के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर कहा गया है कि श्री गणेश प्रसाद शर्मा की मृत्यु दिनांक 02.04.2024 को हो गया है। मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को श्रीमति सावित्री शर्मा के नाम पर रखने हेतु आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र, एवं शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त प्रकोष्ठ भवन को श्रीमति सावित्री शर्मा के नाम से रखने पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय /अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

# आत्मानंद के कामर्स छात्रों ने बैंक के शैक्षणिक भ्रमण में प्रैक्टिकल को देखा और सीखा

## किताब की दुनिया से विद्यार्थी अनुभव की कार्यशाला में पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

कितावी ज्ञान की सीमाओं को तोड़ते हुए, धरसींवा के विद्यार्थियों ने आज बैंकिंग के वास्तविक और व्यावहारिक पहलुओं को करीब से समझा, आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुँरा के कक्षा 12वीं कॉमर्स संकाय के विद्यार्थियों के लिए आयोजित यह शैक्षिक भ्रमण उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने और अर्थशास्त्र एवं वाणिज्य के सिद्धांतों को ज़मीन पर देखने के उद्देश्य से किया गया, जिसका गंतव्य छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, शाखा धरसींवा था। शाखा भ्रमण के दौरान, बैंक के अनुभवी कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को बैंक के दैनिक कामकाज, ग्राहक सेवा, और वित्तीय संचालन की गहन जानकारी दी। विशेष रूप से, शाखा प्रबंधक और उनकी टीम ने छात्रों को धन के लेन-देन, निकासी, जमा और चेक समाशोधन की प्रक्रिया के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के बचत खातों, फिक्स्ड डिपॉजिट (एफ डी), और युवाओं तथा किसानों के लिए उपलब्ध ऋण सुविधाओं की जानकारी दी। आज के डिजिटल युग की अनिवार्यता को समझते हुए, उन्हें यू पी आई मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग के लाभ और उपयोग के तरीके बताए गए, और साथ ही साइबर फ्रॉड से बचने के लिए आवश्यक सावधानियां—जैसे कि फिशिंग और ओटीपी शेयरिंग से बचाव—पर भी विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक बैंकिंग प्रक्रिया को देखा और जिज्ञासावश अनेक प्रश्न पूछे, जिनके उन्हें संतोषजनक उत्तर प्राप्त हुए। कार्यक्रम के अंत में, बैंक परिसर में आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत हुई क्विज़ प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



### व्यवहारिक ज्ञान मूल्यवान होता है : शर्मा

इस अवसर पर शाखा प्रबंधक श्री नवीन शर्मा ने कहा, यह जानकर मुझे अपार हर्ष है कि आज के युवा किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान की ओर भी कदम बढ़ा रहे हैं। बैंक केवल पैसे जमा करने या निकालने की जगह नहीं है; यह अर्थव्यवस्था की धुरी है। मैं आप सभी से दो बातें कहना चाहता हूँ - पहला, ईमानदारी। जीवन के हर क्षेत्र में ईमानदारी ही आपकी सबसे बड़ी पूंजी है। और दूसरा, बचत की आदत। आज की छोटी बचत कल आपके बड़े सपनों को पूरा करने की शक्ति देगी। साथ ही, डिजिटल माध्यमों का उपयोग ज़रूर करें, लेकिन हमेशा सुरक्षित और जागरूक रहकर।

## किसानी : हरहुना धान तैयार बारिश और कीट प्रकोप से उत्पादन में गिरावट की आशंका

# धान कटाई का सिलसिला जारी गांव-गांव में हार्वेस्टर की गूंज, पर उत्साह है फीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

लखौली क्षेत्र में धान कटाई का मौसम दस्तक दे चुका है। खेतों में हर दिशा से हार्वेस्टर मशीनों की गड़गड़ाहट सुनाई देने लगी है। कम दिनों में पकने वाली हरहुना किस्म के धान अब कटाई के लिए पूरी तरह तैयार हैं। किसानों ने उत्साह के साथ कटाई कार्य शुरू कर दिया है, हालांकि खेतों में पानी भरे होने के कारण इस बार धान कटाई की रफ्तार कुछ धीमी है। फिर भी लखौली क्षेत्र के अधिकांश गांवों में चेन वाली हार्वेस्टर मशीनों से कटाई का काम प्रारंभ हो चुका है। लेकिन किसानों के चेहरों पर इस बार पहले जैसी मुस्कान नहीं है। प्रति एकड़ की पैदावार पिछले साल की तुलना में काफी कम बताई जा रही है। जहां पहले एक एकड़ में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली तक धान निकलता था, वहीं इस बार उससे कम उत्पादन प्राप्त हो रहा है।



**मौसम के कारण उत्पादन कमी की आशंका :** कृषि विशेषज्ञों और किसानों का मानना है कि इस बार लगातार हुई बारिश और मौसम में बनी बदली की स्थिति के कारण धान की फसल को नुकसान पहुँचा। ऊपर से तना छेदक और पेनिकल माइट जैसे कीट व्याधियों ने उत्पादन को और भी प्रभावित किया। नतीजा यह रहा कि हरहुना जैसी तेजी से पकने वाली किस्म भी इस बार अपनी अपेक्षित उपज नहीं दे पाई। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश का दौर इतना लंबा चला कि कई खेतों में पानी लंबे समय तक जमा रहा, जिससे पौधों की जड़ें कमजोर पड़ गईं। वहीं कई जगहों पर दानों में पूर्णता नहीं आ सकी। किसानों ने बताया कि मौसम की इस मार और कीट प्रकोप ने मेहनत का मोल घटा दिया है।अब जबकि कटाई का दौर शुरू हो गया है।

उत्पादन में गिरावट के बावजूद खर्च पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गया है बीज, खाद, डीज़ल और मजदूरी सभी के दामों ने लागत को बढ़ा दिया है। फिर भी किसानों में उम्मीद बाकी है कि मौसम अब स्थिर रहेगा और आने वाले दिनों में खेत सूखने के बाद कटाई की रफ्तार तेज होगी। गांवों में हर दिशा से हार्वेस्टरों की आवाज़ इस बात का संकेत दे रही है कि खेतों में फिर से फसल की हलचल लौट आई है भले ही उत्पादन कम हो, पर मेहनत का सिलसिला थमा नहीं है।

# लोधी कालेज के सेमिनार में राजनीति परिषद का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



बद्री प्रसाद लोधी स्नातकोत्तर शासकीय महाविद्यालय, आरंग में राजनीति विभाग द्वारा राजनीति परिषद का शपथ ग्रहण एवं एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शैक्षणिक जगत के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने भाग लेकर राजनीतिक व शैक्षणिक विषयों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में हुआ, जिसकी अध्यक्षता राजनीति विभाग के प्रमुख डॉ. अविनाश कुमार लाल ने की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अभया रा. जोगलेकर रहीं। विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. वत्सला मिश्रा (विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र), डॉ. एल.पी. शर्मा (विभागाध्यक्ष, हिन्दी), प्रो. धर्मेंद्र धृतलहरे, प्रो. ज्ञानेश शुक्ला, प्रो. मनोहर मारकंडे, प्रो. भावना पुराबिया, प्रो. विभा सतपथी एवं डॉ. उपेन्द्र कुमार साहू उपस्थित रहे।सेमिनार में वक्ता के रूप में डॉ. राजेश बरेठ (कोरबा), डॉ. तिलक राम आदित्य (कोरबा), डॉ. उत्तरा साहू (कोरबा) एवं डॉ. प्रशांत रथ (रायपुर) ने भाग लिया।

### सेमिनारों ने वैचारिक क्षमता का होता है विकास

सभी वक्ता वर्तमान में शासकीय महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के पद पर पदस्थ हैं।वक्ताओं ने लोकतंत्र, युवाओं की भूमिका, राजनीतिक सुधार, स्थानीय राजनीति तथा समकालीन नीतिगत परिदृश्य जैसे विषयों पर विस्तृत विचार रखे। डॉ. राजेश बरेठ ने लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्हें परिवर्तन के वाहक बताया। डॉ. तिलक राम आदित्य ने राजनीतिक व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. उत्तरा साहू ने छत्तीसगढ़ की स्थानीय राजनीति पर अपनी विश्लेषणात्मक प्रस्तुति दी।

# राष्ट्रीय आविष्कार स्पर्धा में माही और प्रेमकुमार प्रथम



**आरंग।** विकासखंड स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता का आयोजन पीएमश्री शासकीय अरुंधती देवी उत्कृष्ट विद्यालय, आरंग में किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने गणित, विज्ञान और सामान्य ज्ञान के प्रति अपनी गहन रुचि और कौशल का प्रदर्शन किया, जिसमें प्राथमिक स्तर पर माही मानिकपुरी (प्रा शा कुसमुंद) ने प्रथम स्थान और पूर्व माध्यमिक स्तर पर प्रेमकुमार सिंह (सेक्टर 27 पू मा शा नवागांव) ने प्रथम स्थान हासिल कर बाजी मारी।जबकि द्वितीय स्थान पर गौरव वर्मा प्राथमिक शाला मुंगेसर व चंचल कुंभकार पूर्वमाध्यमिक शाला पारागांव रहे। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग दिनेश शर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों में गणित, विज्ञान और सामान्य ज्ञान के प्रति रोचकता और रुचि जगाना तथा उन्हें प्रतिस्पर्धा का अवसर प्रदान करना है। इस अवसर पर, बीआरसीसी मातली नंदन वर्मा ने छात्रों को सहजता और आत्मविश्वास के साथ उत्तर देने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में लिखित और मौखिक दोनों विधाओं में प्रश्न पूछे गए, जिनमें पाठ्य स्तर के विषयों के साथ-साथ पर्यावरण, गणितीय कौशल और सामान्य ज्ञान के प्रश्न शामिल थे।इस सफल आयोजन से 48संकुल से आए हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र दोनों विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुंदर अवसर प्राप्त हुआ।

# मूक बधिर नाबालिग बालिका से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**तिल्दा नेवरा।** नेवरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग बालिका की मॉं के द्वारा थाना में आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसकी नाबालिग लडकी जो गूंगी बहरी है दिनांक 14.10.25 के शाम लगभग 05:00 बजे सब्जी खरीदने बाजार गई थी जो रात तक वापस घर नही आने पर उसकी खोजबीन की गई एवं रात लगभग 11:00 बजे पानी टंकी के पास आरोपी के साथ मिली।

अपनी नाबालिग लडकी से ईशारे में बात कर पूछने पर आरोपी के द्वारा जबरन उसके साथ अनाचर करना बतायी। रिपोर्ट पर नेवरा पुलिस ने अपराध कायम कर आरोपी विमल कुमार नट पिता मयाराम उम्र 19 वर्ष ग्राम महंत जिला जांजगीर चांपा निवासी को धारा 64(2), 65(1) बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 04,06 के तहत गिरफ्तार किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी टंडवा स्थित बजरंग पावर प्लांट में काम करता है। और आरोपी के कुछ दोस्तो को भी घटना की पूरी जानकारी थी, ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी के उक्त दोस्त गण भी बजरंग पावर कंपनी में कार्य करते है। और उक्त कंपनी के बेचलर क्वाटर में रहते है। साथ ही पुलिस मित्र तुलसी गौतम ने तुरंत नेवरा पुलिस को सूचना दी और पुलिस पहुंचकर आरोपी को पकड़कर थाना लाई।

# कुर्मी समाज की बैठक में अनेक प्रकरणों का निराकरण नियमानुसार किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



बंगोली में मनवा कुर्मी समाज का प्रकरण निदान बैठक केंद्रीय अध्यक्ष एवं 9 राजप्रधानों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक में वादी-प्रतिवादी की अनुपस्थिति से सम्बद्ध 01 प्रकरण के अतिरिक्त, पारिवारिक विवादों से सम्बंधित पंजीकृत 19 में से शेष प्रकरणों का बैठक में शामिल 95 ग्रामों के सैकड़ों प्रबुद्ध स्वजातियों के सहयोग से किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष श्री कश्यप ने समृद्ध विरासत का ज़िक्र करते हुए सामाजिक एकता,संगठन, रचनात्मक सोंच को समाज विकास का आधार बताया, उन्होंने समाज में संख्याबल के अनुरूप गुणात्मक विकास की वकालत की। अध्यक्ष की आसंदी से राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा ने विवाहोपरांत अल्प अवधि में ही संबंध विच्छेद से सम्बंधित प्रकरणों की सुनवाई के दौरान चिंता व्यक्त की। उन्होंने युवाओं में बढ़ते विजातीय विवाह की पनपती प्रवृत्ति को सामाजिक व्यवस्था पर कुठाराघात निरूपित किया। युवाध्यक्ष दीपक वर्मा ने वृक्षारोपण एवं रक्तदान के माध्यम से युवाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। बैठक में ग्राम बंगोली में राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा की अध्यक्षता ग्राम प्रमुख नारायण प्रसाद वर्मा, क्षेत्रप्रधान घनश्याम वर्मा,युवा प्रमुख विष्णु चंदन,महिला प्रमुख रेणु धुरंधर की अगुवाई, ग्राम इकाई के समस्त स्वजातियों के तत्वावधान में केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप, राजप्रधान गण दाऊ नीलमणि परगनिहा धरसींवा, जागेश्वर वर्मा रायपुर,रामखिलावन वर्मा पलारी, सुनीता वर्मा सत्यभामा परगनिहा धमधा, युगलकिशोर आडिल पाटन,चिंता राम वर्मा चंदखुरी, हरिराम वर्मा अर्जुनी, केंद्रीय कोषाध्यक्ष जागेश्वर बघेल,सचिव बसंत आडिल ,नगरपालिका अध्यक्ष नेवरा चन्द्रकला वर्मा जिला पंचायत सभापति स्वाति वर्मा, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य द्वय राजेन्द्र कुमार वर्मा,अनिल वर्मा का विशेष योगदान रहा।


### निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन

राज युवाध्यक्ष दीपक वर्मा महामंत्री अनिल वर्मा के में पूर्व युवाध्यक्ष नूतन बंछोर के मार्गदर्शन व दक्ष चिकित्सकों के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं जीवन-ज्योति रक्तदान समिति के प्रदेशाध्यक्ष अनिल वर्मा उपाध्यक्ष द्रोण हनुमन्ता के मार्गदर्शन एवं सजग ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया।

### दानदाता एवं सेवानिवृत्तों का सम्मान

मंच पर राज्यपाल सम्मान से अलंकृत प्रधापाठक मोहन लाल वर्मा , नवनिर्वाचित सरपंच उत्तम वर्मा,सहकारी समिति अध्यक्ष डोमार धुरंधर सहित 70 से अधिक आयु वाले वरिष्ठों, सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारियों ,रक्तदाताओं सहित समस्त दानदाताओं का विशेष सम्मान किया गया।

# डीजे डांस प्रतियोगिता में पाटन का कृष्णा ग्रुप प्रथम



**मंदिर हसौद।** नव युवक गणेश उत्सव समिति इंद्रा कालोनी के द्वारा 11 अक्टूबर,को भव्य डी जे डांस कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था । जहां मुख्य अतिथि सोनू मनहरे कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल चतुर्वेदी नगर पालिका अध्यक्ष मंदिर हसौद के उपस्थिति में दीप प्रचलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया । यह ग्रुप डांस पर प्रथम स्थान कृष्ण डांस पाटन बड़ौदा बाजर व आर्यन डांस ग्रुप रायपुर मुर्रा , द्वितीय स्थान पर हमर छत्तीसगढ़ बडे साजापाली, तृतीय स्थान एच आर रायपुर युगल डांस पर पवन हीरा प्रथम स्थान एच आर राजनांदगांव द्वितीय स्थान यादव ब्रदर्स तृतीय स्थान इसी प्रकार एकल डांस में प्रथम स्थान। खिलावन निषाद द्वितीय स्थान पर दीपक, तृतीय स्थान पर सोमिया रहे जहां सभी विजेताओं को सम्मान राशि भेंट कर उन्हें बधाई दिए वही कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से कलाकार सम्मिलित हुए, जहां कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया।

## पेज 03 के शेष...

### हिट एंड रन, नशे में ...

बेटा बताया जा रहा है। घटना बुधवार देर रात साढ़े 12 बजे की है। पुलिस ने युवकों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के लिए बीएनएस की धारा 110 तथा 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है। लापरवाही पूर्वक कार चलाने, ट्रैफिक पुलिस के जवान का एक्सीडेंट करने के आरोप में पुलिस ने सिद्धांत दान और आदित्य चौधरी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। आदित्य मंत्रालय में कार्यरत अधिकारी का बेटा बताया जा रहा है। तेलीबांधा टीआई नरेंद्र मिश्रा के अनुसार घटना दिनांक को नशे में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने राम मंदिर के पास बैरिकेडिंग की गई थी। इस दौरान एक कार लहराकर आती हुई दिखी। ट्रैफिक पुलिस के जवान हेम कुमार पटेल ने कार रोकने इशारा किया। इस पर लड़कों ने कार की रफ्तार बढ़ा दी और कार रोकने की कोशिश कर रहे ट्रैफिक जवान को ठोकर मार दी। कार की ठोकर लगने से हेम कुमार का पैर फ्रैक्चर हो गया है। **पब से शराब पीकर लौट रहे थे :** पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक दोनों लड़के वीआईपी रोड स्थित किसी पब में शराब पार्टी में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। इस दौरान दोनों युवकों ने करीब सौ मीटर दूर से पुलिस की चैकिंग देख ली। **पांच मीटर दूर उछलकर गिरा :** बेलोनो कार सीजी 04 एमएल 8357 को आदित्य चौधरी ड्राइव कर रहा था। कार की ठोकर लगने से हेम कुमार करीब पांच मीटर दूर जाकर गिरा।

### जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर ...

राजा बैझड़ उर्फ रशीद खान का है। वह वर्तमान में एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में जेल में बंद है। फोटो, वीडियो 13 से 15 अक्टूबर के बीच का बताया जा रहा है। फोटो, वीडियो राजा बैझड़ द्वारा वायरल कराने की बात कही जा रही है। इस संबंध में जेल प्रशासन की तरफ से कोई जवाब नहीं आया है। जानकारी मिलने पर वरिष्ठ अफसरों ने जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही संबंधितों से जवाब तलब किया जा रहा है। पूर्व में मोबाइल, नशे के पदार्थ और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएं मिलने को लेकर रायपुर सेंट्रल जेल विवादों में रहा है।

### 40 वर्षीय महिला के ...

किशोर गुप्ता का कहना है कि इस केस पर विस्तृत अध्ययन कर इसे अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जर्नल में प्रकाशित करने की तैयारी की जा रही है। यह शिशु महिला के लिए "प्रेशियस चाइल्ड" है। उसकी कोई संतान नहीं थी। कई वर्ष पूर्व महिला को एक बच्चा हुआ था, जो डाउन सिंड्रोम और हृदय रोग से ग्रस्त था और उसकी मृत्यु हो गई। अतः ऐसी महिला को मातृत्व सुख का एहसास कराना हमारे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है।

### दो बार मिला जीवनदान...

केस की गंभीरता को देखते हुए गायनी, सर्जरी, एनेस्थीसिया और कार्डियोलॉजी विभाग की संयुक्त टीम बनाई गई। ऑपरेशन के दौरान पाया कि शिशु गर्भाशय में नहीं, बल्कि पेट में विकसित हो रहा था और आंवल कई अंगों से रक्त ले रही थी। टीम ने सुरक्षित रूप से शिशु को बाहर निकाला। साथ ही भारी रक्तस्राव की संभावना को रोकने के लिए सावधानीपूर्वक चिपकी प्लेसेंटा के साथ गर्भाशय को भी निकालना पड़ा।

HEALTH TOWN

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### वार्ड ब्वॉय-आया के मॉडल आंसर जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने वार्ड ब्वॉय व वार्ड आया भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी कर दिए हैं। व्यापम ने यह भर्ती परीक्षा 12 अक्टूबर को आयोजित की थी। परीक्षार्थी 22 अक्टूबर तक व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

### रसायनज्ञ भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन प्रारंभ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अंतर्गत रसायनज्ञ के रिक्त पदों के लिए आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। व्यापम द्वारा आयोजित की जाने वाली इस भर्ती परीक्षा के लिए 16 अक्टूबर से 14 नवंबर तक आवेदन किए जा सकेंगे। परीक्षा 11 जनवरी 2026 को प्रस्तावित है। पात्रता सहित अन्य जानकारियां व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

## निधन

### कौशल्या देवी

**रायपुर।** कटोरा तालाब निवासी कौशल्या देवी पोपटानी (बेबी) का निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार 15 अक्टूबर को न्यू राजेंद्र नगर श्मशानघाट में किया गया। वे अमित, विक्की पोपटानी की मां एवं लोकू, राजेश (डुला) आवतानी और कमला वाधवानी की बहन थीं।

### रोशन साहू

**रायपुर।** हनुमान नगर कर्मा धाम बोरियाखुर्द निवासी रोशन साहू का निधन में हो गया।



उनका अंतिम संस्कार 16 अक्टूबर को किया गया। वे कृष्ण कुमार साहू के पुत्र और जितेंद्र कुमार साहू के भाई थे।

# ट्रेनों में कन्फर्म सीट की संभावना खत्म, अब बसों का किराया हुआ दोगुना, एक सीट के पीछे हजार रुपए का फर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दीपावली को लेकर ट्रेनों से लेकर बसों में भीड़ बढ़ गई है। रायपुर से महानगरों को जाने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में वेटिंग इन दिनों 100 के पार पहुंच चुकी है, जिसके कन्फर्म होने की संभावना रेलवे 90 प्रतिशत नहीं बता रहा है। ऐसे में ज्यादातर यात्री बस की बुकिंग करवा रहे हैं, लेकिन यहां भी ट्रेन से अधिक किराया वसूला जा रहा है।

हरिभूमि ने जब इसकी पड़ताल की, तो पता चला बसों में अधिक किराया केवल 18 से 25 अक्टूबर के बीच ही वसूला जा रहा है। रायपुर से नांदेड़ के लिए हर दिन दो ट्रेन की सुविधा है, लेकिन वर्तमान में फुल है। बस में 19 अक्टूबर का किराया 2500 तक है, लेकिन 25 के बाद किराया उसी बस में 1700 तक है। यह किराया ट्रेन के स्लीपर से भी अधिक है। ऐसा ही उज्जैन, रांची, पटना जाने वाली बसों में यात्रियों से वसूला जा रहा है। किराया में 500 से हजार तक फर्क है।

### केस 01

19 व 20 को रायपुर से नासिक का किराया 3500 से 4000 है, लेकिन 26 अक्टूबर को का इसी बस में किराया बुक माय ट्रिप में 2500 दिखा रहा है। 1000 रुपए अधिक बढ़ाया है। अक्टूबर में नासिक की ट्रेनों में वेटिंग अधिक है।

### केस 02

18 अक्टूबर को रायपुर से इंदौर का बस किराया 2300 है। वही 24 अक्टूबर में दीपावली के बाद 1700 तक कर दिया गया है। ट्रेन में इतने किराए में सेकंड एसी में सफर कर सकते हैं।

### ट्रेनों में वेटिंग अधिक होने के बाद दीपावली पर घर जाने अब लोग बसों में करवा रहे बुकिंग



### केस 03

रायपुर से भोपाल का किराया 21 से 23 अक्टूबर तक 2500 है, तो वही पर्व के बाद किराया 1300 से 1450 तक है। एक सीट के पीछे 1200 अधिक किराया लिया जा रहा है।

### एमी, यूपी और बिहार की बसों का अधिक किराया

दीपावली व छठ पूजा को लेकर यूपी व बिहार की ट्रेनों में वेटिंग अधिक है। इस वजह से बस संचालकों ने इसी रूट में किराया बढ़ा दिया है। ट्रेन में रायपुर से पटना का सफर स्लीपर में 510 है, तो वही बस में यात्रियों को 1700 तक देना पड़ रहा है। सीधी बस नहीं होने से यात्रियों को अंबिकापुर से बस बदलना भी पड़ रहा है। दूसरी तरफ वेटिंग यात्रियों को सफर करने की अनुमति नहीं होने से यात्री वेटिंग अधिक देखकर टिकट नहीं खरीद रहे हैं। अमरकंटक एक्सप्रेस में सभी कोच का वेटिंग 70 के पार है। इसी तरह समता में 100, दिल्ली संपर्क क्रांति 80, छत्तीसगढ़ में 90 वेटिंग हो चुकी है। वर्तमान में वेटिंग आने पर यात्री का टिकट कन्फर्म नहीं हो रहा है।

# पटाखा कारोबार 20 करोड़ के आसपास होने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दीपावली पर इस बार पटाखों के कारोबार में गिरावट देखी जा रही है, जिसके कारण दुकानों में भी पटाखा खरीदारों की भीड़ कम देखी जा रही है। इसके बाद भी पटाखा व्यापारी रायपुर में 15 से 20 करोड़ के आसपास कारोबार होने की उम्मीद लगा रहे हैं। चिल्हर व्यापारियों का कहना है कि त्योहार को अभी तीन दिन बचे हैं। सबसे ज्यादा पटाखों की बिक्री त्योहार के दो-तीन दिन पहले ही होती है। इधर पटाखा बाजार में इस बार भी अनार, चकरी, फुलझड़ी सहित आसमानी पटाखों की डिमांड ज्यादा है। हालांकि बाजार में इस बार ऑपरेशन सिंदूर पटाखा आकर्षक का केंद्र बना हुआ है। गोलबाजार स्थित एक पटाखा दुकानदार ने बताया कि इस बार ऑपरेशन सिंदूर वाले बम और आसमान में चमकते पटाखों की नई वैरायटी आई है, जिसकी डिमांड ज्यादा है। दीपावली त्योहार को लेकर शहर में पटाखों की दुकानें सज चुकी हैं, वहीं त्योहार को अब सिर्फ तीन दिन ही शेष हैं। इसके बाद भी पटाखों की बिक्री में तेजी नहीं आई है। यही कारण है कि बहुत कम दुकानों में ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। वैसे तो शहर में पटाखा के थोक कारोबारी भी चिल्हर कारोबार में उतर आए हैं, जिसके कारण चिल्हर व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है।

# डीडीनगर सेक्टर-2 में आवारा कुत्ते का आतंक, 2 को काटा

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड का मामला, निगम में शिकायत के बाद भी खूंखार कुत्ता पकड़ा नहीं गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



शहर के आवारा कुत्तों के खौफ से लोग परेशान हैं। नगर निगम जोन 5 क्षेत्र स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के डीडीनगर सेक्टर 2 में आवारा कुत्ते ने दो लोगों को शिकार बनाया।

इससे लोगों में भय व्याप्त है। निगम मुख्यालय और संबंधित जोन दफ्तर में इसकी शिकायत के बाद भी डाग केचर अमला आवारा कुत्ते को पकड़ने नहीं पहुंचा है। निगम की इस उदासीन कार्यप्रणाली से लोगों में खासी नाराजगी व्याप्त है। डीडीनगर सेक्टर 2 में आवारा कुत्ते ने एक महिला और एक बच्चे पर हमला करते हुए उसके पैर वाले हिस्से को काट खाया। इससे इस क्षेत्र में लोग बाहर निकलने से घबरा रहे हैं। लोगों का ये भी कहना है, पिछले कुछ दिनों से इस आवारा कुत्ते की वजह से खासी परेशानी हो रही है। यदि इसे समय रहते नहीं पकड़ा गया, तो इससे डाग बाइट की घटना बढ़ सकती है।

### *02 साल में भी नहीं बन पाया सोनडोंगरी का डॉग शेल्टर होम*

*नगर निगम द्वारा सोनडोंगरी क्षेत्र में बीमार व दुर्घटना ग्रस्त कुत्तों को रखने और स्ट्रीट डाग की सर्जरी करने डॉग शेल्टर होम का निर्माण कराया जा रहा है, पर 2 साल बीतने के बाद भी यह सेंटर शुरू नहीं हो पाया। यही नहीं, शहरी सरकार आवारा कुत्तों की धरपकड़ और उनकी नसंबदी को लेकर कोई ठोस योजना अब तक नहीं बना पाई है। हैरानी की बात ये है कि नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के 10 जोन के 70 वार्ड को कवर करने मात्र एक डाग केचर उपलब्ध है और गिनती के 4 से 5 कर्मचारी कुत्ता पकड़ने प्लेमसेंट पर रखे गए हैं, जबकि शहरभर में स्ट्रीट डाग की संख्या 10 हजार से अधिक है। ऐसे में आवारा कुत्तों को पकड़ने निगम के प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं।*

# नान घोटाला में सेवानिवृत्त आईएएस शुक्ला और टुटेजा को मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- शराब घोटाला में आरोपी होने की वजह से जमानत के बाद भी टुटेजा जेल में रहेंगे

एक दशक पूर्व नान घोटाला में आरोपी बनाए गए सेवानिवृत्त आईएएस आलोक शुक्ला तथा अनिल टुटेजा को ईडी की विशेष अदालत ने जमानत दे दी है।

सुप्रीम कोर्ट से जमानत खारिज होने के बाद दोनों आरोपियों ने पिछले महीने 22 सितंबर को कोर्ट में सरेंडर किया था। इसके बाद दिल्ली से ईडी की टीम ने दोनों से पूछताछ करने पुलिस रिमांड की मांग की थी। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को 16 अक्टूबर तक रिमांड पर देने का फैसला सुनाया था। रिमांड समाप्त होने के बाद श्री शुक्ला तथा टुटेजा को कोर्ट में किया गया। नागरिक आपूर्ति निगम में चावल, नमक और अन्य खाद्य पदार्थों के परिवहन और भंडारण में गड़बड़ी की शिकायत के बाद 12 फरवरी 2015 को एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने 28 ठिकानों पर छापेमारी की। जांच में नान के रायपुर मुख्यालय से दो करोड़ रुपए नकद जब्त किए गए। इसके बाद 16 लोगों के खिलाफ 5000 पन्नों से अधिक का चालान कोर्ट में पेश किया गया। उस समय आलोक शुक्ला खाद्य सचिव और अनिल टुटेजा नान के एमडी थे। केंद्र से अनुमति मिलने पर दोनों के खिलाफ अलग पूरक चालान भी कोर्ट में पेश किया गया। हाईकोर्ट में मिली जमानत को ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में खारिज करने आवेदन पेश किया था।

### *दो लाख रुपए का बांड पेश करने पर जमानत*

*जमानत शर्तों के अनुसार पासपोर्ट जमा करने, सुनवाई के दौरान उपस्थिति दर्ज कराने, बिना सूचना शहर से बाहर नहीं जाने और 2 लाख रुपए का बांड पेश करने पर जमानत दी गई है। बता दें कि सरेंडर करने पर आलोक शुक्ला और जेल से अनिल टुटेजा को प्रोटेक्शन वारंट पर जेल से कोर्ट में पेश किया गया था।*

## बिजनेस साइट

### धनतेरस और दीपावली पर रवि ज्वेलर्स में आभूषणों की खास रेंज



**रायपुर।** देशभर में दीपावली की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है और इसी के साथ बाजारों में खरीदारों की चहल-पहल भी बढ़ गई है। धनतेरस के शुभ अवसर पर लोगों में कीमती आभूषणों की खरीदारी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। शहर के सदर बाजार, नाहटा मार्केट स्थित रवि ज्वेलर्स ने इस त्योहार पर ग्राहकों के लिए स्वर्ण और हीरे के आभूषणों की एक विशेष संग्रह पेश की है, जो इन दिनों ग्राहकों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। रवि ज्वेलर्स के संचालक रवि वासवानी ने बताया कि धनतेरस और दिवाली के पावन पर्व पर शुभ मुहूर्त में की गई खरीदारी को विशेष रूप से फलदायक माना जाता है। इस परंपरा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सोने और हीरे के नवीनतम डिजाइन वाले आभूषणों की विस्तृत रेंज उपलब्ध करवाई है, जो हर उम्र और स्वाद के अनुसार ग्राहकों को लुभा रही है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा पर एक दिवसीय संगोष्ठी



**रायपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय ज्ञान परंपरा का अनुप्रयोग' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य योग, आयुर्वेद, दर्शन, संगीत तथा गुरु-शिष्य परंपरा जैसे प्राचीन भारतीय ज्ञान को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने की संभावनाओं पर चर्चा करना रहा। इस अवसर पर कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति प्रो. केपी यादव, निदेशक प्रीयेश पगारिया एवं गोकुलानंद पांडा उपस्थित रहे। सभी ने भारतीय ज्ञान परंपरा की पुनर्स्थापना की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. उमेश गुप्ता ने की। मुख्य वक्ता डॉ. टॉपलाल वर्मा एवं डॉ. व्यास दुबे ने भारतीय शैक्षिक धरोहर की वर्तमान प्रासंगिकता पर विचार रखे। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी ने संगोष्ठी को सार्थकता प्रदान की।

### आईएसबीएम विश्वविद्यालय में विश्व खाद्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**रायपुर।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय में विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कुलपति डॉ. आनंद महलवार ने विद्यार्थियों को सतत खाद्य प्रणालियों और पोषण के महत्व पर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम में सहायक प्रोफेसर श्रेयांश जोशी ने स्वस्थ खानपान पर मार्गदर्शन दिया और छात्रों से जंक फूड से दूरी बनाकर स्थानीय, मौसमी खाद्य अपनाने का आग्रह किया। छात्रों ने उनके मार्गदर्शन में पौष्टिक और स्वादिष्ट व्यंजन प्रस्तुत किए। सहायक प्रोफेसर अपूर्व रंजन ने व्यंजनों की प्रस्तुति और आतिथ्य कला पर प्रशिक्षण दिया, जिससे छात्रों की रचनात्मकता और व्यावसायिक समझ में वृद्धि हुई। अंत में कुलाधिपति विनय अग्रवाल, कुलपति और रजिस्ट्रार ने प्रतिभागियों को बधाई दी। यह आयोजन छात्रों को स्वस्थ जीवनशैली और सतत भविष्य की ओर प्रेरित करने वाला रहा।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## पेज 11 के शेष ...

### हिट एंड रन, नशे में ...

बेटा बताया जा रहा है। घटना बुधवार देर रात साढ़े 12 बजे की है। पुलिस ने युवकों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के लिए बीएनएस की धारा 110 तथा 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है। लापरवाही पूर्वक कार चलाने, ट्रैफिक पुलिस के जवान का एक्सीडेंट करने के आरोप में पुलिस ने सिद्धांत दान और आदित्य चौधरी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। आदित्य मंत्रालय में कार्यरत अधिकारी का बेटा बताया जा रहा है। तेलीबांधा टीआई नरेंद्र मिश्रा के अनुसार घटना दिनांक को नशे में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने राम मंदिर के पास बैरिकेडिंग की गई थी। इस दौरान एक कार लहराकर आती हुई दिखी। ट्रैफिक पुलिस के जवान हेम कुमार पटेल ने कार रोकने इशारा किया। इस पर लड़कों ने कार की रफ्तार बढ़ा दी और कार रोकने की कोशिश कर रहे ट्रैफिक जवान को ठोकर मार दी। कार की ठोकर लगने से हेम कुमार का पैर फ्रेक्चर हो गया है।

**पब से शराब पीकर लौट रहे थे :** पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक दोनों लड़के वीआईपी रोड स्थित किसी पब में शराब पार्टी में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। इस दौरान दोनों युवकों ने करीब सौ मीटर दूर से पुलिस की चैकिंग देख ली। **पांच मीटर दूर उछलकर गिरा :** बेलोनो कार सीजी 04 एमएल 8357 को आदित्य चौधरी ड्राइव कर रहा था। कार की ठोकर लगने से हेम कुमार करीब पांच मीटर दूर जाकर गिरा।

**:: आम सूचना ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अटल विहार योजना उरला अभनपुर में आबंटित ई.डब्ल्यू.एस. प्रकोष्ठ भवन क्रमांक EWS/144 EWS FLAT (G+3) BL-01 G.F. 101 को श्री गणेश प्रसाद शर्मा पिता श्री खेमू प्रसाद शर्मा पता - वार्ड नं. 10 उपरवारा अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम पर नामांतरण किया गया है।

श्री गणेश प्रसाद शर्मा की पत्नि श्रीमति सावित्री शर्मा के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर कहा गया है कि श्री गणेश प्रसाद शर्मा की मृत्यु दिनांक 02.04.2024 को हो गया है। मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को श्रीमति सावित्री शर्मा के नाम पर रखने हेतु आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र, एवं शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त प्रकोष्ठ भवन को श्रीमति सावित्री शर्मा के नाम से रखने पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय /अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

### जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर ...

राजा बैझड़ उर्फ रशीद खान का है। वह वर्तमान में एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में जेल में बंद है। फोटो, वीडियो 13 से 15 अक्टूबर के बीच का बताया जा रहा है। फोटो, वीडियो राजा बैझड़ द्वारा वायकल कराने की बात कही जा रही है। इस संबंध में जेल प्रशासन की तरफ से कोई जवाब नहीं आया है। जानकारी मिलने पर वरिष्ठ अफसरों ने जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही संबंधितों से जवाब तलब किया जा रहा है। पूर्व में मोबाइल, नशे के पदार्थ और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएं मिलने को लेकर रायपुर सेंट्रल जेल विवादों में रहा है।

### 40 वर्षीय महिला के ...

किशोर गुप्ता का कहना है कि इस केस पर विस्तृत अध्ययन कर इसे अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जर्नल में प्रकाशित करने की तैयारी की जा रही है। यह शिशु महिला के लिए "प्रेशियस चाइल्ड" है। उसकी कोई संतान नहीं थी। कई वर्ष पूर्व महिला को एक बच्चा हुआ था, जो डाउन सिंड्रोम और हृदय रोग से ग्रस्त था और उसकी मृत्यु हो गई। अतः ऐसी महिला को मातृत्व सुख का एहसास कराना हमारे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है।

### दो बार मिला जीवनदान...

केस की गंभीरता को देखते हुए गायनी, सर्जरी, एनेस्थीसिया और कार्डियोलॉजी विभाग की संयुक्त टीम बनाई गई। ऑपरेशन के दौरान पाया कि शिशु गर्भाशय में नहीं, बल्कि पेट में विकसित हो रहा था और आंवल कई अंगों से रक्त ले रही थी। टीम ने सुरक्षित रूप से शिशु को बाहर निकाला। साथ ही भारी रक्तस्राव की संभावना को रोकने के लिए सावधानीपूर्वक चिपकी प्लेसेंटा के साथ गर्भाशय को भी निकालना पड़ा।




























Amit Furniture
CRAFTED WITH EXCELLENCE
अमित में ही है फायदा
फेस्टिवल धमाका
घर में नई रौनक
जबरदस्त
डिस्काउंट के साथ
फर्नीचर खरीदने से पहले
एक बार अमित सेल्स जरूर पधारें
UP TO
60% OFF
ON SELECTED FURNITURE RANGE
नया स्टॉक उपलब्ध
100+
DINING SET
100+
CENTRE TABLE RANGE
आधुनिक फर्नीचर का विशाल संग्रह • न्यू स्टॉक उपलब्ध
• बेडरूम सेट • डाईनिंग सेट • आउटडोर फर्नीचर • स्टील अलमारी • सेंटर टेबल • सोफा सेट
• रैकलाइनर • सोफा कम बेड • शो-केश • कस्टमाइझ्ड की सुविधा उपलब्ध
एक समझदारी भरा फैसला
संपूर्ण खुशहाली
अमित सेल्स
संपर्क: ☎ 07714091000, ✆ 9926127001
फाफाडीह-स्टेट बैंक के पास, रायपुर
नियम व शर्ते लागू


A TATA Product
VOLTAS
Brighten Diwali
with Smart Comfort
Celebrate with sparkling offers from Voltas
HAPPY
Diwali
Fixed EMI
of ₹2950 with TVS Credit
Zero Down Payment Schemes
Finance at zero down payment with 10, 8 & 6 month tenures.
Long Tenure Schemes
Upto 18-month EMI across major financiers on select Acs.
cashback of up to
₹6,000
Low Down Payment Schemes
Low down payment option with 10-month EMI via Bajaj.
Free installation
5 year warranty
With gas charging worth ₹7,550
Now with GST at 18%*
*Limited time period offer *Offer & Cashback amount will vary product wise.
*Festive offers valid for a limited time on select products.
Limited Period Offer
*T&C Apply
Visit us at: www.voltas.com
To locate your nearest store, log on to:www.voltas.com/apps/store-locator
Voltas 24x7 Customer Service - 1860 599 4555, 9650694555
For product registration, SMS <WTA> to 9289525321
Buy only genuine Voltas stabilizers.
Follow us at: My Voltas My Voltas myvoltas
Voltas Limited - A TATA Enterprise My Voltas
VOLTAS THE BRAND SHOP
एक समझदारी भरा फैसला संपूर्ण खुशहाली
अमित सेल्स
फाफाडीह-स्टेट बैंक के पास, रायपुर
जी.ई.रोड-आयुर्वेदिक कॉलेज के सामने, रायपुर
संपर्क : 88199 00083

**खबर संक्षेप**

### सांसद खेल महोत्सव को लेकर हुई बैठक

**रायपुर।** लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के निर्देश पर नगर निगम जोन 7 कार्यालय में जोन अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा की अध्यक्षता में एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू, दीपक जायसवाल, पार्षद मीना ठाकुर, जोन 7 कमिश्नर राकेश शर्मा और जोन के शासकीय व निजी स्कूलों के प्राचार्यो की बैठक हुई। बैठक में खेल संगठन के पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस मौके पर रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव आयोजन में अधिक से अधिक नागरिकों को जागरूक बनाकर पंजीयन करवाने अपील की गई। राजधानी में 15 से 19 नवंबर तक रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

### दीपावली पर निशुल्क दीया वितरण

**रायपुर।** दीपावली के शुभ अवसर पर सेवा वेलफेयर समिति द्वारा 15 अक्टूबर को भगत चौक में निशुल्क 5001 मिट्टी के दीया वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं समिति के अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि खुशियां बांटने से बढ़ती है। कार्यक्रम के दौरान देवेन्द्र यादव, एनके पटेल, दिलीप टिकरिहा, मनीष कुमार टिकरिहा, आदित्य टिकरिहा, निखिल शुक्ला सहित समिति के सदस्य एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

शहरभर से दिनभर नहीं उठा कचरा, गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल का भोंपू बंद

# सफाई कर्मचारी सड़क पर उतरे, काम ठप शहरभर से नहीं उठा कचरा, लोग परेशान

**खास बातें**

- घरों-दुकानों से नहीं उठा कचरा, दीपावली से पहले सफाई ठप
- सफाई कर्मचारियों की हड़ताल खत्म, मांग पूरी करने दिसंबर तक अल्टीमेटम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रामकी ग्रुप के सफाई कर्मचारियों ने वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर गुरुवार को काम ठप कर दिया। इससे डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और सेकेंडरी तक कूड़ा के परिवहन का कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा। सड़क पर उतरे सफाई कर्मचारियों ने दलदल सिवनी में गाड़ियों को खड़ी कर जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। उनकी इस हड़ताल से दीपावली की शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई। हड़ताली कर्मचारियों ने वाहन चालक को 20 हजार रुपये और हेल्पर को 18 हजार रुपये मासिक वेतन दिये जाने की मांग की। साथ 8 घंटे से ज्यादा कार्य नहीं लेने, कार्य के दौरान दुर्घटना होने पर 25 लाख रुपए का अनुदान, मृत्यु होने की स्थिति में प्रभावित परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने की जोर-शोर से मांग की। दीपावली के मौके पर रामकी कंपनी के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से सफाई व्यवस्था ठप रही। वेतन वृद्धि की मांग को लेकर 700 से ज्यादा सफाई कर्मचारी काम ठप कर सड़क पर उतर आए। हड़ताली कर्मचारी सफाई वाहनों को खड़ा कर दलदल सिवनी कचरा डंपिंग जोन के बाहर कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी कर धरने पर बैठे रहे। इस तरह अचानक हुए प्रदर्शन के कारण शहर के सभी मोहल्लों में सफाई वाहन नहीं पहुंचने से लोग परेशान रहे। प्रदर्शनकारियों ने डंपिंग यार्ड के मुख्य द्वार को पूरी तरह कुछ देर के लिए जाम कर दिया। उनका कहना है कि जब तक उनकी वेतन वृद्धि की मांग को लिखित रूप से स्वीकार नहीं किया जाता, तब तक वे काम पर नहीं लौटेंगे।

### *मांग पूरी करने दिसंबर तक अल्टीमेटम, हड़ताल खत्म आज काम पर लौटेंगे*

*हड़ताली कर्मचारियों से बातचीत करने और गतिरोध खत्म करने तहसीलदार, सहायक श्रम अधिकारी, निगम के अपर आयुक्त स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी स्पॉट पर पहुंचे और उनसे बातचीत भी की। इस दौरान रामकी के सिटी हेड ने अपने हेड आफिस को इससे अवगत कराते हुए कर्मचारियों के मांग की जानकारी दी। चर्चा के बाद इस बात पर सहमति बनी कि रामकी कंपनी सफाई कार्य में लगे वाहन चालक को अर्धकुशल की जगह कुशल श्रमिक मानते हुए उसके वेतन में बढ़ोतरी करेगा। इससे डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में लगे सफाई वाहन के चालकों को करीब 800 रुपये प्रति माह वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा। सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर रामकी ग्रुप को दिसंबर 2025 तक का समय दिया है। साथ ही यह चेतावनी भी दी है कि समस्याओं का समाधान नहीं होने पर वे दोबारा हड़ताल पर जा सकते हैं। इसके साथ ही शहर की सफाई व्यवस्था को ठप करने वाले सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त हो गई। वे शुक्रवार की सुबह काम पर लौटेंगे।*

# राशन दुकान संचालकों की दिवाली मनेगी फीकी, 5 महीनों से नहीं मिला कमीशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उचित मूल्य दुकानों के संचालकों की दीपावली इस बार फीकी मनेगी, क्योंकि पिछले 5 महीनों से संचालकों को चावल विक्रय का कमीशन ही नहीं मिल पाया है। कमीशन नहीं मिलने के कारण दुकान संचालकों को दुकान चलाने के साथ त्योहार कैसे मनाएं, इसकी चिंता हो गई है। कुछ दुकान संचालकों का कहना है कि एक-दो महीने का कमीशन रुका होता तो किसी भी तरह हम काम चला लेते, लेकिन 5 महीने का कमीशन नहीं मिलने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है, जिसके कारण वे त्योहार तक नहीं मना पाएंगे। इधर नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर के अधिकारी का कहना है कि फंड नहीं आने के कारण संचालकों को कमीशन जारी नहीं हो पाया है। फंड आते ही संचालकों को कमीशन जारी कर दिया जाएगा।

### बारदाना की मार्जिन राशि भी अटकी

दुकान संचालकों ने बताया कि डेढ़ साल से बारदाना की मार्जिन राशि का भुगतान भी नहीं हुआ है। इस राशि के लिए अनेकों बार विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा गया है। इसके बाद भी मार्जिन राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

### दिवाली पर नहीं मिल पाना दुखद

प्रदेशभर के पांच हजार से ज्यादा राशन दुकानदारों के हड़ताल करने के बावजूद 5 माह का कमीशन और 18 माह के बारदाना की राशि दिवाली पर नहीं मिल पाना दुखद है। शासन-प्रशासन को इसे संज्ञान में लेना चाहिए।


**- नरेश बाफना**
अध्यक्ष, पीडीएस संघ
रायपुर

### 'एक भारत, आत्मनिर्भर भारत' के सपने को साकार करेगा 'सरदार यूनिटी मार्च'

**रायपुर।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित एक ऐतिहासिक राष्ट्रव्यापी अभियान 'सरदार 150 यूनिटी मार्च' के संबंध में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, भारत सरकार लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में सरदार यूनिटी मार्च का आयोजन कर रही है। यात्रा में एनएसएस, एनसीसी और माई भारत से जुड़े युवाओं के साथ-साथ राज्य के सभी युवा भी शामिल होंगे।

## स्थायी कर्मचारियों के लिए पुलिस के समान संशोधित वेतन पैकेज की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने राज्य के स्थायी कर्मचारियों के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस के समान संशोधित वेतन पैकेज लागू करने की मांग की है। फेडरेशन ने मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें कर्मचारियों के लिए विभिन्न बीमा योजनाओं और सुविधाओं का प्रावधान शामिल है।ज्ञापन में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रस्तावित संशोधित वेतन पैकेज को लागू करने का अनुरोध किया गया है, जिसके तहत कर्मचारियों को बीमा सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जाएंगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411

टैक्सी चाहिए
रायपुर शहर में रात्रि कालीन पेपर पार्सल ले जाने हेतु टाटा एस, टाटा मैजिक, की आवश्यकता है।
इच्छुक व्यक्ति टैक्सी की संपूर्ण कागजात के साथ प्रसार विभाग में संपर्क करें।
समय : 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक
हरिभूमि
कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर

होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

# वेतन कटौती से धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर नाराज, 3 से आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर 3 सूत्रीय मांगों को लेकर 3 से 11 नवंबर तक संभाग स्तरीय आंदोलन करेंगे। मांग पूरी नहीं होने पर वे नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर काम ठप कर अनिश्चितकालीन हड़ताल और धरना प्रदर्शन करेंगे। वेतन में कटौती, विभाग तय कर संविलयन करने की मांग और 12 माह के वेतन की पूर्व व्यवस्था तुरंत बहाल करने की मांग इसमें प्रमुख रूप से शामिल है। प्रदेशभर में राज्य सरकार एक तरफ जहां 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी कर रही है, वहीं छत्तीसगढ़ के 2058 धान उपार्जन सहकारी समितियों में कार्यरत 2,729 कंप्यूटर आपरेटर और सहकारी समिति के 13 हजार कर्मचारी वेतन में कटौती के खिलाफ प्रदेश व्यापी आंदोलन करने जा रहे हैं।

### तीन सूत्रीय मांग इस तरह

- 12 माह के वेतन की पूर्व व्यवस्था तुरंत बहाल की जाए
- वेतन कटौती के निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग
- विभाग तय कर संविलयन किया जाए

